दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

आज के लिए नहीं ...8

सिद्धार्थनगर
सोमवार, 04 मई 2026
वर्ष: 13 अंक : 135 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## यूपी फिर बनाएगा एक दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड

### सीएम का आह्वानः हर विद्यार्थी लगाए एक पौधा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को वृहद



पौधरोपण अभियान–2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आह्वान किया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में न्यूनतम पांच सहजन के पौधे लगाए जाएं, जबकि स्कूल–कॉलेजों में हर छात्र कम से कम एक पौधा लगाए। मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पिछले वर्षों में पौधरोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2009 से 2016 के बीच जहां 51.48 करोड़ पौधे लगाए गए थे, वहीं वर्ष 2017 से 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 242.13 करोड़ हो गई। इसी अवधि में वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की एतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। हरित आवरण लगभग 9.96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कार्बन स्टॉक में वृद्धि के मामले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत (1.13 प्रतिशत) से आगे है और 2.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को हरित क्रांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत और 2047 तक 20 प्रतिशत हरित आवरण का लक्ष्य हर हाल में हासिल करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभागों को वन विभाग की नर्सरियों से निशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएं। प्रदेश में 1935 विभागीय नर्सरियां संचालित हैं और 50 करोड़ से अधिक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए 34 नई नर्सरियों की स्थापना भी की गई है। उद्यान, रेशम और निजी क्षेत्र की नर्सरियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है।

#### 2025 में 80 प्रतिशत बचे वन विभाग के लगाए पौधे

मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से पौधरोपण की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 'हरीतिमा' एप, जीआईएस मैपिंग, क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग और प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम (पीएमएस) और नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम (एमएमएस) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पौधरोपण की निगरानी की जा रही है। वर्ष 2025 के विशेष सर्वेक्षण में वन विभाग के लगाए गए पौधों की जीवितता 80 प्रतिशत दर्ज की गई।

#### 30 मई तक सभी विभाग तैयार करें अपनी कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने शहीदों, स्वाधीनता संग्राम सेनानियों व अन्य महापुरुषों के नाम पर वन–वाटिका स्थापित करने पर जोर दिया। नदियों और हाइवे आदि के किनारे भी पौधे लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अयोध्या में रामायणकालीन पौधे लगाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि 30 मई तक अपनी–अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर लें। बैठक के दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को शेखा झील पक्षी विहार अलीगढ़ के रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।

## मैं भी हूं बृज भूषण सिंह की विक्टिम

### कुश्ती में कमबैक के ऐलान के साथ विनेश फोगाट का बड़ा खुलासा

ओलंपियन पहलवान और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खेल जगत और राजनीति में हलचल मचा दी है। विनेश ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत करने वाली 6 महिला पहलवानों में वह खुद भी एक विक्टिम हैं।



मैं भी बृज भूषण की एक विक्टिम हूं

विनेश फोगाट ने अपने संदेश में बेहद भावुक और साहसिक खुलासा करते हुए कहा कि करीब तीन साल पहले महिला खिलाड़ियों के शारीरिक शोषण के खिलाफ जो आवाज उठाई गई थी, वह उसमें शामिल रही हैं। विनेश ने कहा, श्सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि पीड़ित की पहचान सार्वजनिक न की जाए, लेकिन आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं अपना नाम सार्वजनिक कर रही हूं। मैं बताना चाहती हूं कि जिन 6 महिला खिलाड़ियों ने शिकायत और गवाही दी थी, उनमें से एक विक्टिम मैं भी हूं।श फिलहाल यह मामला कोर्ट में है और गवाहियों की प्रक्रिया चल रही है।

#### कुश्ती संघ की मंशा पर उठाए सवाल

विनेश ने कुश्ती संघ द्वारा उत्तर प्रदेश में आयोजित की जा रही रैंकिंग प्रतियोगिता पर भी गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता बृज भूषण शरण सिंह के निजी शिक्षण संस्थान में कराई जा रही है। विनेश का आरोप है कि ऐसे स्थान पर खिलाड़ियों को निष्पक्ष न्याय मिलना नामुमकिन है। उन्होंने आशंका जताई कि वहां मैच के निर्णायकों और अंकों को प्रभावित कर किसी भी खिलाड़ी को जानबूझकर जिताया या हराया जा सकता है।

#### अखाड़े में वापसी का ऐलान

विनेश ने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से कुश्ती से दूर थीं, लेकिन कुछ महीने पहले उन्होंने दोबारा अभ्यास शुरू कर दिया है। उन्होंने अपनी निष्ठा और कठिन परिश्रम का जिक्र करते हुए कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य फिर से देश के लिए पदक जीतना और तिरंगे की शान बढ़ाना है।

## सुबह–सुबह आग का तांडव, 9 लोगों की जलकर दर्दनाक मौत

दिल्ली के विवेक विहार इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने की वजह से गई है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें से दो लोग घायल हैं। कैसे शुरू हुई आग?: शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 3रू30 बजे इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से एसी का कंप्रेसर फट गया, जिससे आग ने तेजी से पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। रेस्क्यू में क्यों आई दिक्कत?: दमकल अधिकारी मुकेश वर्मा के मुताबिक, सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। रेस्क्यू के दौरान सबसे बड़ी बाधा खिड़कियों पर लगी मजबूत लोहे की ग्रिल और जालियां बनीं। इसके अलावा, इमारत में इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाले दरवाजे लगे थे, जो बिजली कटने या हादसे के वक्त खुले ही नहीं। सीढ़ियां संकरी होने और पीछे की ओर से बाहर निकलने का रास्ता




## दिल्ली, यूपी, राजस्थान में अगले 48 घंटे भारी, तेज हवाओं के साथ ओले गिरने की आशंका

देशभर में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। एक नए



वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के कई राज्यों में आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली–एनसीआर, यूपी, हरियाणा और पंजाब समेत कई इलाकों में रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे और झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली–यूपी में दो दिन का अलर्टः मौसम विभाग ने दिल्ली–एनसीआर में आज और कल (4 मई) के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। दोपहर में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना है। वहीं, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अयोध्या और कानपुर समेत 26 जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट है। पश्चिमी यूपी में कहीं–कहीं ओले गिरने और बिजली कड़कने की भी आशंका जताई गई है।

#### पहाड़ों पर मौसम का कहर

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज काफी सख्त बना हुआ है। देहरादून में सुबह तेज बारिश की वजह से अंधेरा छा गया, जबकि उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे पर पानी का बहाव बढ़ने से अफरा–तफरी मच गई। हिमाचल के 10 जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

#### एमपी और राजस्थान में भी राहत

मध्य प्रदेश के भोपाल और ग्वालियर समेत 27 जिलों में 6 मई तक बारिश और आंधी का अनुमान है। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में शनिवार को आए तेज तूफान से काफी नुकसान हुआ, जहां सैकड़ों पेड़ गिर गए। रविवार सुबह भी राज्य के 11 जिलों में बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई।

## बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले चुनाव आयोग का एक्शन, 432 आब्जर्वर की निगरानी में होगी वोटों की गिनती

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों की घड़ी करीब आ गई है। सोमवार को राज्य की 293 सीटों (फालता को छोड़कर) पर होने वाली मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। आयोग ने शनिवार को 432 काउंटिंग आब्जर्वर्स की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। चुनाव आयोग ने इस बार उत्तर 24 परगना जिले पर विशेष ध्यान दिया है। यहां की 33 सीटों के लिए सबसे अधिक 49 काउंटिंग आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इसके बाद दक्षिण 24 परगना का नंबर आता है, जहां 31 सीटों के लिए 45 पर्यवेक्षकों की टीम मुस्तैद रहेगी। हालांकि, फालता सीट पर दोबारा मतदान के फैसले के कारण वहां फिलहाल मतगणना नहीं होगी। छोटे जिलों में तैनाती की स्थितिः जहां बड़े जिलों में पर्यवेक्षकों की फौज उतारी गई है, वहीं अलीपुरद्वार जैसे छोटे जिले में सबसे कम अमला तैनात है। यहां की 5 सीटों के लिए सिर्फ 6 आब्जर्वर्स को जिम्मेदारी मिली है। राजधानी कोलकाता की बात करें, तो यहां की 11 सीटों के लिए 12 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

## पुणे रेप केसः सामने आया आरोपी का पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड, सीएम फडणवीस बोले– कोई कानूनी कमी नहीं छोड़ेंगे

पुणे में चार साल की बच्ची के साथ हुए रेप और मर्डर की दर्दनाक घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का एकमात्र लक्ष्य आरोपी को मौत की सजा दिलाना है। उन्होंने पीड़ित के पिता से बात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि इस केस की सुनवाई रिकॉर्ड समय में पूरी की जाएगी। आरोपी को फांसी दिलाने की तैयारीः मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि सरकार हाई कोर्ट के जरिए मामले की फास्ट ट्रैक सुनवाई और जल्द



चार्जशीट दाखिल करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, श्हम यह पक्का करेंगे कि कोई भी कानूनी कमी न रहे जिसका आरोपी फायदा उठा सके।श वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी पुलिस को निर्देश दिए हैं कि इतने पुख्ता सबूत जुटाए जाएं जिससे आरोपी को फांसी की सजा मिलना तय हो सके। आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहासः जांच में पता चला है कि 65 वर्षीय आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। 1998 में उस पर छेड़छाड़ का केस दर्ज हुआ था, जबकि 2015 में उसके खिलाफ पॉक्सो और हत्या की कोशिश के दो मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि, सबूतों की कमी के कारण वह 2019 में बरी हो गया था। पुणे ग्रामीण पुलिस के मुताबिक, आरोपी की प्रवृत्ति शुरू से ही अपराधी रही है। CCTV फुटेज से खुला राजः घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी मासूम बच्ची को बहला–फुसलाकर एक गली की ओर ले जाते हुए दिख रहा है। इसी फुटेज की मदद से पुलिस ने उसे घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी को 7 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। सीएम ने कहा, हालात का फायदा उठा रहे कुछ लोगः मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना बेहद गंभीर है और लोगों का गुस्सा जायज है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ लोग इस दुखद स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने और इसे दूसरी दिशा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## लखनऊ में मंत्री पंकज चौधरी ने किया विकसित भारत का अमृतकाल पुस्तक का भव्य विमोचन

लखनऊ में लेखिका डॉ. शिवानी कटारा की पुस्तक "विकसित भारत का अमृतकाल" का भव्य विमोचन माननीय पंकज चौधरी (प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री) के करकमलों द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर गोविंद नारायण शुक्ला (सदस्य, विधान परिषद), नवीन जैन (सांसद, राज्यसभा), भारत दीक्षित (कार्यालय प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी), शिव भूषण (प्रदेश मंत्री) तथा शिव कुमार पाठक (पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री) की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। यह पुस्तक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विगत 10 वर्षों के कार्यों, नीतियों एवं उपलब्धियों का समग्र लेखा–जोखा प्रस्तुत करती है, जो एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में तैयार की गई है। लेखिका ने इसमें विकसित भारत की दिशा में हुए परिवर्तनों और उपलब्धियों को तथ्यात्मक रूप में संकलित किया है। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक का प्रकाशन शिल्पायन पब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और इसे देश के विकास यात्रा को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

## पंजाब सरकार के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे राघव चड्ढा

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है। सूत्रों के अनुसार, वे पंजाब में सरकारी मशीनरी के कथित दुरुपयोग और राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई की शिकायत करना चाहते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने उन्हें 5 मई की सुबह 10रू40 बजे मिलने का समय दे दिया है। क्या है पूरा मामला?: राघव चड्ढा का आरोप है कि पंजाब के सरकारी तंत्र का इस्तेमाल उन सांसदों और नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है, जो हाल ही में श्आपश छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ तीन अन्य सांसद भी मौजूद रहेंगे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब राघव चड्ढा और पार्टी आलाकमान के बीच दूरियों की खबरें लगातार चर्चा में हैं। राघव चड्ढा और केजरीवाल के बीच बढ़ती दूरियांः राघव चड्ढा कभी अरविंद केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद साथियों में गिने जाते थे, लेकिन हाल के दिनों में समीकरण बदलते दिखे हैं। बताया जा रहा है कि जब केजरीवाल जेल में थे, तब राघव चड्ढा का लंदन में होना और वहां की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करना पार्टी नेतृत्व को रास नहीं आया। उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान भी पंजाब की मुख्य रणनीति से दूर रखा गया, जिससे पार्टी के अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आने लगे।

## सुप्रीम कोर्ट से राहत के बाद पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत

### बोले– संविधान जीता, दमनकारी मशीनरी हारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संविधान और न्यायपालिका के प्रति अपना अटूट विश्वास दोहराया। यह पूरा मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े कथित मानहानि और जालसाजी के आरोपों से संबंधित है, जिसमें कोर्ट ने खेड़ा को बड़ी राहत दी है। दिल्ली में पवन खेड़ा का जोरदार स्वागतः अग्रिम जमानत मिलने के बाद जब पवन खेड़ा दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, तो वहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने इस फैसले को श्संविधान की जीतश बताया। खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब भी सरकार अपनी मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर किसी नागरिक के अधिकारों को दबाने की कोशिश करती है, तब बाबा साहब का बनाया संविधान ही रक्षा कवच बनकर सामने आता है। सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?: जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और




जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में यह मामला श्राजनीति से प्रेरितश और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से प्रभावित लगता है। अदालत ने माना कि इस मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के उस फैसले को भी त्रुटिपूर्ण बताया, जिसमें खेड़ा की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। किन शर्तों पर मिली जमानत?: सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को जांच में पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। जमानत की मुख्य शर्तों में, पुलिस जब भी बुलाएगी, उन्हें जांच के लिए पेश होना होगा। वे गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेंगे और बिना अदालत की अनुमति के वे देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे, शामिल हैं। क्या है पूरा विवाद?: यह मामला पवन खेड़ा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा पर लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मानहानि और जालसाजी की। हालांकि, पवन खेड़ा ने कहा कि यह फैसला सिर्फ उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि देश के उन सभी लोगों के लिए संदेश है जो दमनकारी कदमों के खिलाफ खड़े हैं।श

# महिला आरक्षण बिल– जन आक्रोश रैली में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं






दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ टीचर कालोनी मे स्थित शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के आवास से नगर भ्रमण तक महिला आरक्षण बिल संदन में पारित न होने के विरोध में सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि एनडीए के लिए नारी सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि संकल्प है, जिसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा जा रहा है। कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल गिराए जाने के बाद महिलाओं में आक्रोश है और अब वह अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठा रही हैं।नारी शक्ति अधिनियम से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी केवल अपने घरों की ही महिलाओं का विकास चाहते हैं, देश की महिलाओं का नहीं। जिस तरह इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। उसी तरह ये लोग महिलाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या कर रहे हैं।महिलाओं का इरादा मजबूत है और संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। आधी आबादी के सपनों के लिए संकल्प पूरा करेंगे।प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी व अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध जताते हुए हाथों में तख्तियों को लेकर महिलाओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी किया। प्रदर्शन टीचर्स कालोनी से शुरू होकर नगरपंचायत कार्यालय,भारत माता मंदिर,सोनारी मोहल्ला होते हुए पुनः टीचर्स कालोनी स्थित विधायक आवास पर समाप्त हुआ। इस दौरान विधायक विनय वर्मा,बबिता वर्मा, एसडीएम विवेकानंद मिश्र,सीओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार प्रकाश सिंह, एसएचओ नवीन कुमार सिंह,मुन्नी देवी,राजकुमारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल,मनोज गुप्ता , रामदास मौर्य, प्रदीप कमला पुरी, दिनेश गुप्ता, हरीराम निषाद, विष्णु सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकारी रास्ते पर लगे टावर को हटाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

रुधौली, बस्ती। तहसील क्षेत्र रुधौली के डुमरी निवासी प्रेम नरायन सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह ने डुमरी गाँव के सरकारी रास्ते पर अवैध तरीके से लगाए गये मोबाइल टावर को हटाने की मांग तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर की है। शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि रास्ते पर अवैध रूप से लगे टावर के कारण आवागमन में भारी असुबिधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासी रास्ता अवरुद्ध होने के कारण काफ़ी मुश्किलों का सामना कर रहे है। उन्होंने अवैध रूप से लगे टावर को अविलम्ब हटाने की मांग तहसील प्रशासन से की है जिससे आवागमन सुलभ हो सके। प्रेम नारायन सिंह ने बताया कि जनपद में आयी तेज तर्रार जिलाधिकारी श्रीमती .तिका ज्योत्सना को शिकायती पत्र दिया गया था, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किया गया था लेकिन अभी तक टावर नहीं हटाया जा सका है। उन्होंने कहा है कि एग्रीमेंट




करने वाले व्यक्ति पर मोबाईल नेटवर्क संस्था द्वारा हर माह अवैध तरीके से किराया लेने का आरोप लगाया है। जिसे प्रतिबन्धित किया जाना आवश्यक है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि टावर नहीं हटा तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के बस्ती जनपद आगमन पर इस प्रकरण को उनके समक्ष रखा जायेगा।गौर तलब है कि अवैध रूप से लगाए गये टावर के मामले में रुधौली थाने में डुमरी गाँव के तत्कालीन हल्का लेखपाल द्वारा एफआईआर भी कराया गया था। जो न्यायालय में विचाराधीन है। बताया जाता है कि थाने के विवेचक द्वारा चार्ज शीट भी दायर की जा चुकी है। इस मामले में तहसील प्रशासन द्वारा पैमाइश कर यह रिपोर्ट भी दी जा चुकी है जिसमे यह कहा गया है कि जिस भूमि पर टावर लगाया गया है वह सरकारी अभिलेख में रास्ता दर्ज है। नायब तहसीलदार नीरज सिंह के साथ राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौके पर जाकर स्थलीय और अभिलेखीय जांच कर रिपोर्ट उच्चधिकारियों को दिया जा चुका है, फिर भी टावर को रास्ते से नहीं हटाया गया।यहाँ बतादें कि डुमरी गांव के शिव सिंह पुत्र चन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी आबादी की भूमि को एक मोबाइल नेटवर्क संस्था से टावर लगाने के लिए एग्रीमेंट किया था। लेकिन टावर को अपनी भूमि में ना लगवाकर दूसरी जगह जो सरकारी अभिलेख में रास्ता दर्ज है उस पर लगवा दिया। जिस पर डुमरी गांव के लोगो को आपत्ति थी।

# लापरवाह विद्युत अधिकारी और जर्जर विद्युत तार बना काल,करंट लगने से गौवंश की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में विद्युत विभाग के जिम्मेदारो की लापरवाही का नतीजा आये दिन मावेशी हो या इंसान अपनी जान देकर चुकाने पर मजबूर हैं तो वहीं अफसर एसी में बैठकर खानापूर्ति करते रहते हैं।फिर एक घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और एक गौवंश लापरवाह विद्युत विभाग के कर्मचारियों और जर्जर विद्युत लाइन की भेंट चढ़ गया।मामला गोन्डा जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालवीय नगर स्थित गुरुद्वारा के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया,जहां विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते एक छुट्टा सांड़ करंट की चपेट में आकर मौके पर ही मर गया। हादसा जर्जर बिजली तार टूटने के कारण विद्युत पोल में करंट उतरने से हुआ।घटना गुरुद्वारे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।फुटेज में देखा जा सकता है कि कुछ आवारा पशु



एक घर के बाहर खड़े थे।तभी एक सांड़ पास खड़ी गाड़ी और विद्युत पोल के बीच से निकलने की कोशिश करता है,अचानक करंट की चपेट में आकर गिर जाता है।कुछ ही क्षणों में उसकी मौत हो जाती है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।लोगों ने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करवाई।इसके बाद नगर पालिका की मदद से जेसीबी मशीन बुलाकर मृत सांड़ को मौके से हटाया गया और उसका अंतिम संस्कार कराया गया।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस जर्जर तार और विद्युत पोल की शिकायत पिछले चार महीनों से लगातार की जा रही थी।लोगों के अनुसार 19 जनवरी 2026 को भी विभाग को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि एक बेजुबान जानवर को अपनी जान गंवानी पड़ी।स्थानीय निवासी केबी सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का काफी आतंक है, जो अक्सर बिजली के तारों को नुकसान पहुंचाते हैं। तार पहले से ही नीचे लटक रहा था, जिससे खतरा बना हुआ था। कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।घटना के बाद लोगों ने जर्जर तारों और विद्युत पोल को तत्काल हटाने की मांग की है।साथ ही, लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग उठाई है।इस संबंध में जब विद्युत विभाग के अधिकारियों से लोगो द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया,तो उनका सीयूजी नंबर रिसीव नहीं हुआ, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# 5 वर्षीय मासूम की डूबकर मौत,अवैध खनन का गड्ढा बना मौत का जाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में अवैध मिट्टी खनन से बना एक गड्ढा शनिवार देर शाम एक मासूम की जान ले बैठा।देहात कोतवाली क्षेत्र के चिश्तीपुर गांव निवासी 5 वर्षीय अमन प्रजापति की गड्ढे में डूबने से मौत हो गई,जबकि उसका बड़ा भाई बाल–बाल बच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन अपने बड़े भाई मोनू प्रजापति (10) के साथ रामनगर तिराहा से पथरी बाजार जाने वाले मार्ग के किनारे खेल रहा था।इसी दौरान दोनों बच्चे सड़क के पास बने गहरे गड्ढे में फिसलकर गिर गए।गड्ढे में बरसात का पानी भरा होने के कारण अमन डूब गया, जबकि स्थानीय लोगों ने मोनू को किसी तरह बाहर निकाल लिया।इस दौरान मोनू को हल्की चोटें भी आईं।चर्चा के अनुसार बताया जा रहा है कि यह गड्ढा एसबीएफ ब्रिक फील्ड के मालिक फिरोज



नियाजी द्वारा बिना अनुमति कराए गए मिट्टी खनन के कारण बना था। बरसात के चलते इसमें पानी भर गया था,जिससे यह और अधिक खतरनाक हो गया। गड्ढा लोक निर्माण विभाग की सड़क के ठीक किनारे स्थित था, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी हुई थी। प्राप्त सूचना के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए समझाने का प्रयास किया,लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद अमन का अंतिम संस्कार घटनास्थल के पास ही कर दिया गया।मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीण कुमार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, हालांकि गड्ढे की विस्तृत जांच किए बिना ही वापस लौट गए। उन्होंने फोन पर बताया कि रात के समय .श्य स्पष्ट न होने के कारण जांच नहीं हो सकी।वहीं जानकारों की मानें तो खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर घटना हुई,वहां मिट्टी खनन की कोई वैध अनुमति नहीं ली गई थी।प्रथम .ष्टया मामला अवैध खनन का प्रतीत हो रहा है।उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्ति के पास अन्य गाटा संख्या पर अनुमति जरूर है, जिसकी भी जांच की जा रही है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि परिजनों के मना करने के कारण पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका,हालांकि पुलिस द्वारा उन्हें समझाने का पूरा प्रयास किया गया था।इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर अवैध खनन और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब सभी की निगाहें खनन विभाग की जांच पर टिकी हैं कि आखिर सड़क किनारे इतना बड़ा और खतरनाक गड्ढा किसकी अनुमति से बनाया गया और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

# जनगणना कार्य के संबंध में फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में जनगणना 2027 के लिए कार्यवाही तेज।प्रस्तावित जनगणना–2027 की तैयारियों के क्रम में शासन एवं डीएम के निर्देशानुसार व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में फील्ड ट्रेनर पवन गुप्ता, बब्बन सिंह, विवेकानंद तथा अशोक कुमार शुक्ला द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों.गोण्डा शहर, बेलसर, तरबगंज सहित अन्य स्थानों पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को सुचारु, सटीक एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि प्रत्येक नागरिक से संबंधित जानकारी सही रूप में संकलित की जा सके। प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को घर–घर जाकर आंकड़े एकत्र करने की विधि, डिजिटल उपकरणों के उपयोग, डेटा की गोपनीयता बनाए रखने तथा त्रुटिरहित अभिलेखन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



इसके साथ ही, जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया तथा संभावित समस्याओं के समाधान के उपायों पर भी चर्चा की गई। तहसील तरबगंज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहां अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ। अधिकारियों ने उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए जनगणना के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे राष्ट्र निर्माण की आधारभूत प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में सहायक होते हैं।प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। अधिकारियों ने सभी प्रशिक्षित कर्मियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

इस प्रकार, जनपद में जनगणना–2027 की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं और प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक स्तर पर कार्य कुशलतापूर्वक संपन्न हो, जिससे आगामी जनगणना सफलतापूर्वक आयोजित की जा सके।

# पयागपुर में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित, महिलाओं ने बुलंद की आवाज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर/बहराइच। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मण्डल पयागपुर




के ब्लॉक सभागार में रविवार को जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सहभागिता को लेकर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और नारी सम्मान के समर्थन में नारे लगाए।कार्यक्रम के उपरांत रुजन–आक्रोश–महिला–पदयात्रा रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के दौरान पूरा क्षेत्र नारों से गूंज उठा और महिलाओं ने अपने अधिकारों को लेकर एकजुटता का प्रदर्शन किया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।सम्मेलन और रैली के माध्यम से महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगी।

# मजीबुल्लाह पाशा ने श्रावस्ती सांसद और पूर्व विधायक का अपनी टीम के साथ किया जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले का एक ऐसा नाम जिसने अपने राजनीति का सफर श्रीदत्तगंज ब्लाक प्रमुख पद से शुरू किया। बलरामपुर जिले के उतरौला विधानसभा में अपनी एक अलग पहचान और हनक रखकर मरहूम पूर्व विधायक समीउल्लाह खां का नाम सामने आया और पूर्व विधायक समीउल्लाह खां दो बार उतरौला विधानसभा से विधायक बने। यह वह दौर था जहां कई कद्दावर नेता अपने राजनीतिक वजूद की लड़ाई लड़ रहे थे। ऐसे में एक बड़ा नाम बनाकर जिले में समीउल्लाह विधायक का नाम सामने आया। उस दौर में तेज तर्रार और कद्दावर जिले के नेताओं में समीउल्लाह खां का नाम उभर कर सामने आया। और उनकी जिले में एक अलग–अलग हनक मानी जाती थी। जिनका बलरामपुर जिले में एक राजनीतिक इतिहास भी है। और लोग पूर्व विधायक समीउल्लाह खां को उनके कामों और उनके किए हुए विकास कार्यों से याद करते हैं।



समाजवादी पार्टी द्वारा चल रहे पीडीए पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम में लगातार सपा नेताओं का कार्यक्रम लग रहा है। और लोगों को जागरूक करने के लिए समाजवादी पार्टी की नीतियां बताने के लिए जगह–जगह कार्यक्रम हो रहा है। ऐसे में बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज क्षेत्र के कापौव्वा शेरपुर गांव में पीडीए कार्यक्रम में पहुंचे। समाजवादी पार्टी से लोकसभा श्रावस्ती सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा और पूर्व विधायक बलरामपुर सदर जगराम पासवान का कपौव्वा शेरपुर के पूर्व प्रधान समीउल्लाह खां के बेटे मजिबुल्ला ख़ां और मौजूदा प्रधान प्रतिनिधि इरशाद खां के साथ सैकड़ो की संख्या में कपौव्वा शेरपुर के लोगों और क्षेत्रवासीयो ने कपौव्वा शेरपुर में जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद पूर्व विधायक समीउल्लाह खां के कब्र पर पहुंचकर सभी लोगों ने अकीदत के फूल पेश किया और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद किया गया। उसके बाद बाबा मलंग शाह के चौखट पर देश में अमन और चौन भाईचारा की दुआ मांगी गई। उसके बाद पीड़ीए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का काफिला कार्यक्रम के तरफ बढ़ गया। इस अवसर पर इरशाद खान प्रधान प्रतिनिधि, मुजीबुल्लाह खान पूर्व प्रधान,शारून वसीम,अकबर अली मीनाई ,अफजल अली, तूफान शेख ,खालीख शाह , हई शाह ,आजम अली खान, ताज शाह,पंकज सोनी ,दिलीप जायसवाल,अजीज खान, रशीद खान आदि लोगो समेत सैकड़ो की संख्या मे कपौव्वा शेरपुर ग्रामवासी और तमाम सम्मानित क्षेत्रवासी रहे मौजूद।

# प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन सांसद पाल का संबोधन, संगठन को मजबूत करने पर जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौगढ़/सिद्धार्थनगर।पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन जगदंबिका पाल ने जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर सनई में आयोजित नौगढ़ नगर मंडल एवं जोगिया मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने की।अपने संबोधन में सांसद ने पार्टी की विचारधारा एवं 'अंत्योदय' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है।सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में मजबूत और सशक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण हो रहा है।उन्होंने प्रशिक्षण महाअभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं और संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने




कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने का कार्य करें।इस अवसर पर वर्ग प्रभारी तेजू विश्वकर्मा, संयोजक फूलचंद जैसवाल, जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, फतेह बहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष नौगढ़ सतीश रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष जोगिया राजेश, महेंद्र लोधी, अनूप सिंह, देवेंद्र सिंह, सतीश चौबे, देवेंद्र तिवारी, राजेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र गौड़, श्याम सुंदर मित्तल, बबलू श्रीवास्तव, विनीता चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में 'आप' का प्रदर्शन, बढ़े बिजली बिल पर उठाए सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर।उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने बांसी में जोरदार प्रदर्शन किया। जनपद सिद्धार्थनगर में प्रांतीय अध्यक्ष इमरान लतीफ एवं जिला अध्यक्ष जलाल अहमद चौधरी के नेतृत्व में जिला विद्युत उपकेंद्र पर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया गया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर योजना को जनविरोधी बताते हुए नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर एसडीओ बांसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता से अधिक बिजली बिल वसूला जा रहा है। उपभोक्ताओं को गलत रीडिंग, तकनीकी खामियों और अनियमित बिजली आपूर्ति जैसी



समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले जहां बिजली बिल लगभग ₹1500 तक आता था, वहीं अब बढ़कर ₹6000 से ₹7000 तक पहुंच रहा है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। इसके अलावा प्रीपेड मीटर व्यवस्था के तहत अग्रिम भुगतान के बावजूद 10 से 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें भी सामने आई हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी के कारण स्मार्ट मीटर सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगाए गए अधिकांश स्मार्ट मीटर प्रीपेड हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और बिलिंग प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।इस दौरान प्रदीप पांडेय, संतोष पांडे, प्रिंस गोपाल चौधरी, उमेश चंद्र वरुण, अनिल राय, ऋषि पाल, रामकरण, बृजलाल यादव, राधेश्याम, शिवकुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यकर्ताओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटर योजना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों एवं संबंधित कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। पार्टी ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## शोहरतगढ़ विधायक अगुवाई में निकाली गयी महिला आक्रोश पदयात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।"महिलाओं की भी आए बारी, हर निर्णय में हो भागीदारी" के सशक्त नारे के साथ शोहरतगढ़ में महिला आक्रोश पदयात्रा का निकाली गयी। इस पदयात्रा का नेतृत्व शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया। यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए अपने अधिकारों और भागीदारी की मांग को बुलंद किया। पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक निर्णयों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कहा कि समाज के हर स्तर पर महिलाओं को बराबरी का अवसर मिलना चाहिए, तभी वास्तविक विकास संभव है।इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों में बाधा उत्पन्न कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और हर हाल में उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, सीओ मयंक द्विवेदी और इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



# जमीनी विवाद में युवक की मौत, परिजनों से मिले सांसद व विधायक, न्याय का भरोसा





दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर।लोटन कोतवाली क्षेत्र के धरनिहवा गांव के टोला कोल्हुआ में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में संदीप यादव की इलाज के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।मृतक के परिजनों से मिलने जगदंबिका पाल पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, सदर विधायक श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।सांसद जगदंबिका पाल ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी और हर हाल में न्याय मिलेगा। उन्होंने मृतक के पिता को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस दौरान मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस उनके साथ मौजूद लोगों पर ही रोड जाम का मुकदमा दर्ज कर उन्हें तलाश रही है। इस पर सांसद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस का यह रवैया उचित नहीं है और वे इस मामले में योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे।वहीं विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जाएगी और आरोपियों की जल्द गिरतारी सुनिश्चित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद सीएचसी लोटन के अधीक्षक अमित चौधरी ने डॉक्टरों की टीम को मौके पर भेजा और परिजनों को इलाज के लिए सीएचसी लोटन लाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शादी में शामिल होने आया युवक, घर पहुंचते ही बिगड़ी तबीयत; इलाज के दौरान मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।चिल्हिया थाना क्षेत्र के बजहा गांव के टोला पोखर भिटवा निवासी शफीक (39) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मुंबई से अपने भाई की बेटी की शादी में शामिल होने गांव आ रहा था।जानकारी के अनुसार, शफीक 29 अप्रैल को मुंबई से ट्रेन द्वारा रवाना हुआ था। वह बस्ती रेलवे स्टेशन पर उतरकर एक किराये की बोलेरो से गुरुवार को अपने गांव पहुंचा। बताया जा रहा है कि घर के पास पहुंचते ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे उल्टी होने लगी।परिजन व ग्रामीण उसे तत्काल जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।शफीक अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## नीलगाय से बचने के प्रयास में बाइक पुलिया से टकराई, पूर्व प्रधान की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा/सिद्धार्थनगर।खेसरहा थाना क्षेत्र के बांसी–बेलौहा मार्ग स्थित सोरवा चौराहे के पास शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पूर्व प्रधान कुम्भीलाल यादव (48) की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, सोरवा माफी गांव निवासी कुम्भीलाल यादव अपने साथी राजाराम निषाद के साथ बाइक से बेलौहा बाजार से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक नीलगाय सामने आ गई। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिससे कुम्भीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे बैठे राजाराम को मामूली चोटें आईं।घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को सीएचसी खेसरहा ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।मृतक कुम्भीलाल यादव बरनवार ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान रह चुके थे। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बहन की शादी से पहले घर में हादसा, करंट लगने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के बर्डपुर नंबर एक, टोला गनवरिया सरदारनगर में शनिवार शाम करीब छह बजे करंट लगने से 16 वर्षीय रंजीत यादव की दर्दनाक मौत हो गई। बहन की शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।जानकारी के अनुसार, रंजीत घर में सफाई के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आ गया। बताया जा रहा है कि वह बिखरे तारों को ठीक करने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन तत्काल उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवार के अनुसार, रंजीत अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए मुंबई से घर आया था। 4 मई को उसकी बहन की शादी होनी थी, जिसके चलते घर में तैयारियां चल रही थीं। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया।ग्रामीणों ने बताया कि रंजीत स्वभाव से होनहार और मिलनसार था। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# सम्मानित जीवन जीने के लिए स्वरोजगार ही बेहतर विकल्प– शिक्षक विधायक



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर।शिक्षित होकर बेरोजगार रहने से बेहतर स्वरोजगार अपनाना है। स्वरोजगार अपनाने वाले की आर्थिक स्थिति अच्छी होती है,वहीं अच्छी सुविधा के लिए क्षेत्र के लोगों को इधर उधर भटकना नही पड़ता है।उपरोक्त बातें रविवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उसका बाजार स्टेट बैंक शाखा के निकट श्री राधे फार्मा ऐंड सर्जिकल प्रतिष्ठान के उद्घाटन अवसर पर कही।उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी युवाओं को नौकरी नही मिल सकती है, सम्मानित जीवन स्तर के लिए स्वरोजगार सबसे अच्छा विकल्प है। यह क्षेत्र के विकास और पलायन रोकने में भी काफी सहायक है। जो युवा बाहर जाकर अपने जीवकोपार्जन के लिए नौकरी खोजते हैं वह अपने क्षेत्र में ही स्वरोजगार कर अन्य लोगों की भी मदद कर सकते हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा की स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। सरकार इसके लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ सभी लोग उठाए। इस मौके पर चंद्रभान त्रिपाठी, मयंक पाण्डेय, रामेश्वर पाण्डेय, पवन जायसवाल, शतीश तुलस्यान, डा कलीम, रोशन अली, राकेश आर्या, सच्चिदानंद चौबे, संतोष मिश्र , शिव जायसवाल, अयोध्या शाहू, मजीबुल्लाह, डा कपिल, सोमनाथ मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र, हबीबुल्लाह, मोबिन, डा बृजेश , सत्य प्रकाश वर्मा, अमित मिश्रा, अरुण मिश्र आदि मौजूद रहे।

# लुंबिनी से विश्व शांति का संदेश, बन रहा भव्य 'विश्व शांति धाम'

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। लुंबिनी में विश्व शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश देने के उद्देश्य से एक भव्य विश्व शांति धाम का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्थल भगवान बुद्ध की जन्मस्थली होने के कारण पहले से ही वैश्विक महत्व रखता है, और अब इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति एवं आध्यात्मिक अध्ययन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।निर्माणाधीन इस धाम में संग्रहालय, पुस्तकालय, ध्यान केंद्र और कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके शीर्ष तल पर माता माया देवी की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस केंद्र के निर्माण के बाद दुनिया भर से विद्यार्थी, शोधकर्ता और विद्वान यहां आकर शांति और मानवता के विषयों पर अध्ययन




और विचार–विमर्श कर सकेंगे।धाम की वास्तुकला को कमल के फूल, मक्खन के दीपक और स्तूप की आ.तियों से प्रेरित होकर तैयार किया जा रहा है। यहां एक हजार से अधिक लोगों की क्षमता वाला विशाल सभागार, संग्रहालय, पुस्तकालय, शाकाहारी भोजनालय तथा भिक्षुओं के लिए आवासीय व्यवस्था भी प्रस्तावित है। यह स्थान सांस्.तिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ ध्यान और आत्मचिंतन के लिए शांत वातावरण प्रदान करेगा।इस परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे धर्मगुरु एवं लेखक श्यालपा तेनजिन रिनपोचे ने बताया कि लुंबिनी से विश्व को शांति और एकता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी वैश्विक शांति के लिए प्रासंगिक हैं और इस धाम के माध्यम से 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुस्तक "मुक्ति का मार्ग" का विमोचन भी किया। इससे पहले इस पुस्तक का विमोचन बोधगया में किया जा चुका है। उन्होंने भारत–नेपाल के बुद्ध सर्किट को विकसित करने और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# शिक्षामित्रों का मानदेय हुआ 18000, काट रहे है मौज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षामित्रों का मासिक मानदेय ₹10,000 से बढ़ाकर अब ₹18,000 कर दिया गया है। यह बढ़ा हुआ मानदेय 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी है और 1 मई, 2026 से खाते में आना शुरू हो गया। वहीं उत्तर प्रदेश के फैसले से प्रदेश के लगभग 1 लाख 42 हजार 929 कार्यरत शिक्षामित्रों को फायदा होगा। यह निर्णय 2017 के बाद की गई सबसे बड़ी बढ़ोतरी मानी जा रही है, जो शिक्षामित्रों के लिए एक बड़ी राहत है। इसी तरह



अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय ₹9,000 से बढ़ाकर ₹17,000 प्रतिमाह किया गया है। विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ में बढ़ोत्तरी मानदेय को लेकर तमाम शिक्षामित्रों द्वारा अपने विद्यालय के शिक्षकों सहित अधिकारियों की मिलीभगत से बच्चों को पढ़ाने हेतु विद्यालय न जाकर मौज काट रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर अन्तर्गत बीआरसी शोहरतगढ़ के तमाम परिषदीय स्कूलों की जमीनी हकीकत सामने आई है, जहाँ प्राथमिक विद्यालय छतहरा, परसिया, नीबी दोहनी, गंगाराम महादेवा, मड़वा, कोइरीडीह, छतहरी, नकथर, खरगवार, मेहनौली सहित तमाम कम्पोजिट विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्रों व शिक्षक बिना सूचना के नदारद (गायब) मिले, जबकि बच्चे या तो खेल रहे थे या एमडीएम शेड के नीचे पढ़ने को मजबूर थे। वहीं शनिवार को मीडिया टीम ने शिक्षामित्रों द्वारा बच्चों को पढ़ाने हेतु तमाम विद्यालयों का जायजा लिया। जिसके क्रम में कई विद्यालयों के जिम्मेदार अध्यापकों ने बताया कि शिक्षामित्र की तबियत खराब हो गई थी, इसलिए अपने घर चले गये हैं। वहीं मीडिया टीम ने दूसरे विद्यालयों में पता किया शिक्षामित्र बहुत जरूरी काम से चले गये हैं। यह स्थिति बीआरसी शोहरतगढ़ के शिक्षा तंत्र में गम्भीर लापरवाही को दर्शाती है, जहाँ शिक्षक अनुपस्थित हैं और बच्चों की शिक्षा भगवान भरोसे है। शिक्षामित्रों व अध्यापकों के बिना सूचना के नदारद होना स्कूलों की खराब स्थिति को उजागर करता है।

## मानवता की मिसाल: चेयरमैन पुत्र ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।नगर पंचायत शोहरतगढ़ के महर्षि वाल्मीकि नगर (नीबी दोहनी) निवासी उमेश कसौधन की पत्नी का इलाज लखनऊ में चल रहा है, जहां उन्हें 6 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ी। इस दौरान मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए नगर पंचायत चेयरमैन उमा अग्रवाल के पुत्र हर्ष अग्रवाल ने आगे आकर स्वयं तथा अपने एक मित्र के साथ मिलकर 2 यूनिट रक्तदान किया। बताया जा रहा है कि हर्ष अग्रवाल लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। जैसे ही उन्हें मरीज की स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत रक्तदान कर मदद की पहल की। वहीं, शेष 4 यूनिट रक्त की व्यवस्था के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की है। उन्होंने लखनऊ में मौजूद इच्छुक रक्तदाताओं से 7572059119 नंबर पर संपर्क करने का अनुरोध किया है, ताकि मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।गौरतलब है कि चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल द्वारा समय–समय पर नगर पंचायत सभागार में रक्तदान शिविरों का आयोजन भी कराया जाता रहा है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं.कभी 50 तो कभी 40 लोग रक्तदान कर ब्लड बैंक में योगदान दे चुके हैं। उनकी टीम जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय रहती है।

# सम्पादकीय

**यही समझदार देशों की सबसे बड़ी पहचान होती है। आज दुनिया समझ रही है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है बल्कि भविष्य की ताकत है। और सोचिए अगर भारत तेल, गैस और रेयर अर्थ जैसे संसाधनों में मजबूत हो गया तो इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा। राजनीति पर भी पड़ेगा। क्योंकि दुनिया में ताकत सिर्फ सेना से नहीं काम आती। ताकत आती है ऊर्जा से, ताकत आती है ...**

## अफ्रीका में भारत ने खोद निकाला तेल का सबसे बड़ा कुआं

जहां चाह वहां राह और जब इरादे भारत जैसे मजबूत हो तो राह सिर्फ बनती नहीं इतिहास भी लिखती है। जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। तेल बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। पूरी दुनिया महंगाई के डर से कांप रही है। उसी समय भारत ने चुपचाप ऐसा कदम उठाया जिसने खेल बदल दिया। खबर आई उत्तर अफ्रीका के देश लीबिया से वही लीबिया जिसे अस्थिरता, गृह युद्ध और खतरे का इलाका माना जाता है। लेकिन इसी धरती पर भारत की सरकारी कंपनियों ने वो कर दिखाया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। भारत की कंपनियां ऑयल इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल ने लीबिया के गदा मिस बेसिन में बड़ी सफलता हासिल की। रिपोर्ट्स के मुताबिक वहां छठे कुएं की ड्रिलिंग के दौरान बड़े तेल भंडार मिलने के संकेत हैं। अब जरा आप सोचिए जब दुनिया तेल के लिए परेशान थी तब भारत रेगिस्तान के नीचे अपना भविष्य तलाश रहा था। भारत आज अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से तेल खरीदता है। इसका मतलब साफ है कि अगर दुनिया में युद्ध हो, सप्लाई रुके तो सीधा असर भारत की जेब पर पड़ता है। पेट्रोल महंगा, डीजल महंगा और महंगाई तेजी से बढ़ जाती है। लेकिन इस बार भारत ने पहले से तैयारी कर रखी थी। लीबिया का गदा मिस बेसिन तेल के लिए मशहूर माना जाता है। यहां का क्रूड ऑयल अच्छी क्वालिटी का बताया जाता है जिसे रिफाइन करना आसान होता है। अगर भारत को यहां स्थाई उत्पादन मिल गया तो यह सिर्फ व्यापार नहीं रणनीतिक जीत होगी क्योंकि इसका सीधा मतलब होगा भारत अब सिर्फ खरीददार नहीं रहेगा सबसे बड़ा खिलाड़ी बनेगा। दोस्तों, सबसे बड़ी बात यह है कि लीबिया जैसा देश आसान नहीं है। वहां राजनीतिक अस्थिरता है। अलग–अलग गुट सक्रिय हैं। सुरक्षा चुनौतियां हैं। ऐसे माहौल में जाकर काम करना कोई साधारण बात नहीं है। लेकिन भारत ने वहां भरोसे का रिश्ता बनाया। भारत ने सिर्फ संसाधन नहीं देखे बल्कि साझेदारी का मॉडल अपनाया। यही वजह है कि भारतीय कंपनियों को वहां स्वीकारिता मिल गई। ऐसे में सवाल उठता है क्या इससे भारत में पेट्रोल सस्ता हो जाएगा? देखिए सीधा जवाब तो तुरंत नहीं है लेकिन लंबे समय में फायदा जरूर हो सकता है क्योंकि जब किसी देश के पास खुद के स्रोत बढ़ते हैं तो वैश्विक संकटों से कम प्रभावित होता है। सरकार के पास कीमतों को संभालने की ताकत बढ़ जाती है। यानी आज लीबिया में जो हो रहा है उसका असर कल आपकी जेब पर दिख सकता है। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती है।

भारत सिर्फ लीबिया तक सीमित नहीं है। रूस के सखालिन और साइबेरिया क्षेत्रों में भारतीय निवेश पहले से मौजूद हैं। मुंजाबिक के गैस प्रोजेक्ट हैं। ब्राजील और लैटिन अमेरिका में भी भारत मौके तलाश रहा है। यह एक बड़ी रणनीति है एनर्जी डायवर्सिफिकेशन की। मतलब अगर एक जगह संकट आ जाए तो दूसरे स्रोत चालू रहे। यही समझदार देशों की सबसे बड़ी पहचान होती है। आज दुनिया समझ रही है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है बल्कि भविष्य की ताकत है। और सोचिए अगर भारत तेल, गैस और रेयर अर्थ जैसे संसाधनों में मजबूत हो गया तो इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा। राजनीति पर भी पड़ेगा। क्योंकि दुनिया में ताकत सिर्फ सेना से नहीं काम आती। ताकत आती है ऊर्जा से, ताकत आती है सप्लाई चेन से, ताकत आती है आत्मनिर्भरता से। कुछ रिपोर्ट में यह भी चर्चा हो रही कि लीबिया के कुछ इलाके में गैस और दुर्लभ खनिजों की संभावना भी हो सकती है। अगर भविष्य में ऐसा सच साबित हुआ तो भारत के लिए यह डबल जीत होगी।

## पूजा में पत्नी का स्थान

हिंदू धर्म में पूजा–पाठ को लेकर कई मान्यताएं हैं। जैसे यदि पति–पत्नी पूजा कर रहे हैं तो उन्हें जोड़े में पूजा करनी चाहिए। यदि दोनों गठबंधन जोडकर पूजा करते हैं तो इसके ज्यादा फायदे हो सकते हैं। इसके अलावा उनकी पूजा में बैठने की स्थिति और दिशा का भी बहुत महत्व होता है। आमतौर पर किसी भी अनुष्ठान में पत्नी अपने पति के बायीं तरफ ही बैठती है। यदि हम शास्त्रों की बात करते हैं तो पत्नी को पति की अर्धांगिनी और वामांगी माना जाता है। मान्यता है कि स्त्रियों की उत्पत्ति भगवान शिव के बायें अंग से हुई है और माता पार्वती का स्थान भी उनके बायीं तरफ ही है। इसी वजह से शादी जैसी रस्मों में पत्नी हमेशा पति की बायीं तरफ ही बैठती है। लेकिन जब हम पूजा–पाठ में पत्नी के बैठने की बात करते हैं तो ज्योतिष उसे हमेशा पति के दाहिनी तरफ बैठने की सलाह देता है। हालांकि पत्नी को पति की वामांगी कहा जाता है, लेकिन पूजा जैसे पवित्र अनुष्ठान में पत्नियों को पति के दाहिनी तरफ ही बैठने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही उन्हें कुछ अन्य धार्मिक कामों जैसे बेटी के कन्यादान, किसी भी यज्ञ या हवन, बच्चे के नामकरण या अन्नप्रासन के समय भी पत्नियों को पति के दाहिनी ओर ही बैठना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि यदि पत्नी इसके विपरीत दिशा में बैठती है तो पूजा का पूर्ण फल नहीं मिलता है। पूजा में पत्नी पति के बायीं ओर क्यों नहीं बैठती: ऐसी मान्यता है कि विवाह जैसे अनुष्ठान में दुल्हन हमेशा दूल्हे के बाएं हाथ की तरफ ही बैठती है क्योंकि बाईं तरफ हृदय का स्थान होता है और इस दिशा में बैठने से वो होने वाले पति के हृदय से जुड़ जाती है। वहीं पूजा–पाठ का संबंध ईश्वर से माना जाता है और इस दौरान पति–पत्नी का जुड़ाव ईश्वर भक्ति में लगाने के लिए ही उसे पति के दाहिनी तरफ बैठने की सलाह दी जाती है। दाहिने हिस्से को भक्ति का प्रतीक माना जाता है: ज्योतिष के अनुसार हमेशा से ही दाहिने हाथ को शक्ति और कर्तव्यों का प्रतीक माना जाता रहा है, इसी वजह से सभी काम दाहिने हाथ से ही करने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही दाहिने हिस्से को भक्ति का प्रतीक माना जाता है और पूजा–पाठ के दौरान इसी दिशा में बैठने की सलाह दी जाती है। वहीं बायां हिस्सा प्रेम का प्रतीक माना जाता है, इसलिए पत्नी को शादी और इसकी रस्मों में बाईं ओर बैठाया जाता है। ज्योतिष में है यह मान्यता: हिंदू शास्त्रों और ज्योतिष के अनुसार पत्नी को हमेशा पूजा में अपने पति के दाएं हाथ की तरफ बैठना चाहिए। पूजा–पाठ के लिए यही दिशा सर्वोत्तम है जिससे पूजा में ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिलती है। पूजा का पूर्ण फल प्राप्त करने और इसके शुभ लाभ के लिए यह नियम पालन करना अनिवार्य माना जाता है। धार्मिक कार्यों में पति–पत्नी के बैठने की दिशा का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है, जिससे जीवन में कई लाभ मिल सकें। ऐसा माना जाता है कि किसी को आशीर्वाद देते समय महिलाएं मां की भूमिका में आती हैं। दाहिना भाग हमेशा माता के स्थान को दर्शाता है। वाम भाग पत्नी का माना जाता है। पूजा में पत्नी पति के दाहिनी ओर बैठती है और जब विधि से पूजा पूर्ण हो जाती है तब उसे पति के बाएं स्थान पर आने को कहा जाता है।

## विपक्ष के आगे लाचार सत्तारुढ़ भाजपा

**पहले सरकार से नाराजगी होती थी तो जनता प्रधानमंत्री या सत्तारुढ़ नेताओं के पुतले फूंका करती थी, लेकिन मोदी राज में उल्टी गंगा बह रही है। उत्तरप्रदेश में बिजनौर, बहराइच जैसे कई जिलों में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पुतले भाजपा नेताओं ने फूंके। मानो विपक्ष ने सरकार के किसी काम का विरोध कर कोई अपराध कर दिया हो। भाजपा नेताओं ने यह भी नहीं सोचा कि लोकतंत्र है तो उसमें कम से कम दो ...**

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की मुहिम अब भाजपा के लिए चुनावी हथियार बन चुकी है। पाठक जानते हैं कि हाल ही में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल को केंद्र सरकार ने संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया था। जबकि सारे जरूरी काम कुछ दिन पहले खत्म बजट सत्र में भी किए जा सकते थे। लेकिन विशेष सत्र बुलाने पर विशेष कवरेज भी सरकार को मिलता और यही भाजपा का मकसद भी था। महिलाओं के आरक्षण से जुड़ा नारी शक्ति वंदन अधिनियम तो 2023 में ही सर्वसम्मति से पारित हो चुका था। फिर भी इसे तीन साल तक अमल में लाने लायक नहीं बनाया गया। मोदी सरकार ने इसे आगामी जनगणना और संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन तक ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जबकि महिला आरक्षण को लागू करके 2024 के लोकसभा और तब से संपन्न कई विधानसभा चुनाव कराए जा सकते थे। लेकिन इसमें भाजपा को चुनावी फायदा शायद नहीं होता। इसलिए 131वें संविधान संशोधन विधेयक की आड़ में पहले से ही पारित महिला आरक्षण विधेयक को दोबारा संसद के पटल पर रखने की चाल भाजपा ने चली। मगर विपक्ष की एकजुटता और दमदार विरोध से यह विधेयक संसद में गिर गया। कायदे से इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी को इस्तीफा दे देना चाहिए था क्योंकि इससे उनकी सरकार के अल्पमत में होने का प्रमाण मिल चुका था। लेकिन इसकी जगह अब विपक्ष को महिला विरोधी बताने की मुहिम देश भर में भाजपा ने छेड़ दी है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में विधानसभाओं के



विशेष सत्र इसी मुद्दे पर बुलाए गए और मजेदार बात ये है कि कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरने के लिए जो शब्दावली इस्तेमाल में लायी जा रही है, वो एक ही कलम से निकली हुई लग रही है। जैसे भाजपा की ट्रोल आर्मी सोशल मीडिया पर किसी को चने के झाड़ पर चढ़ाने या फिर उसे बदनाम करने के लिए एक जैसे पोस्ट थोक के भाव में करवाती है, कुछ वैसा ही माहौल अब विधानसभाओं का बनाया जा रहा है। जैसे उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने समाजवादी पार्टी के लिए कहा कि श्आपके आचरण पर तो गिरगिट भी शरमा जाए। आज अगर आप 33 प्रतिशत आरक्षण की बात कर रहे हैं, तो संसद में इसका विरोध क्यों किया था?श योगी ने कहा कि श्आप आधी आबादी की गरिमा, सम्मान और उत्थान के लिए उठाए गए हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। लोकसभा में 16 और 17 अप्रैल को आपका आचरण सबने देखा। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कहा संविधान संशोधन का श्रेय हमें नहीं चाहिए। कांग्रेसी साथियों की नकारात्मकता ऐसी रही है कि, वे पक्ष में और विपक्ष में रहते हुए महिला आरक्षण का विरोध करते हैं। कांग्रेसी गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। इससे तो गिरगिट भी शरमा जाए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को कोई भी परिसीमन के संशोधन के बिना पास नहीं कर सकता है। अब सोचने वाली बात ये है कि विपक्ष के विरोध के लिए गिरगिट ही आदित्यनाथ योगी और डॉ.मोहन यादव को क्यों याद आई। क्या इन दोनों में से कोई भी दूसरा उदाहरण पेश नहीं कर सकता था। वहीं दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र में भाजपा विधायक दल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में नारी शक्ति अधिनियम के संसद में पास ना होने पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस और सपा को नारी विरोधी, विश्वासघाती कहा गया। साथ ही विरोध का खास जोर राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर रहा। विधानसभाओं के विशेष सत्र के अलावा 29 तारीख को काशी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्काशी के सांसद के तौर पर, देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मुझे देशहित के एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपका आशीर्वाद चाहिए। और यह बड़ा लक्ष्य है, लोकसभा–विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करना। अभी कुछ दिन पहले सपा और कांग्रेस जैसे दलों की वजह से हमारा यह प्रयास संसद में सफल नहीं हो पाया, लेकिन मैं आप सभी बहनों को फिर से भरोसा देता हूं कि आपके आरक्षण का हक लागू हो, इसमें कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडूंगा।श 2014 से श्री मोदी के पास देश की सत्ता है, सारे संसाधन, प्रशासनिक तंत्र, अधिकारी उनके मातहत हैं और वे चाहें तो इनका सकारात्मक उपयोग करके देश के सूरतेहाल बदल डालें। लेकिन प्रधानमंत्री 12 साल बाद भी जनता से उसका आशीर्वाद ही मांग रहे हैं कि मैं ये करुंगा, वो करुंगा। पता नहीं हमारे प्रधानमंत्री कितने लाचार हैं कि हर मंच से वे केवल अपना दुखड़ा ही बताते हैं कि विपक्ष उनको कितना परेशान करता है। सत्ता पर बैठकर विपक्ष का रोना रोने वाली सरकार पहली बार देश को मिली है और अकेले प्रधानमंत्री ही नहीं, उनका देखा–देखी अब राज्यों के मुख्यमंत्री भी काम करने की जगह विपक्ष को कोस रहे हैं।

## चुनावी हिंसा रोकने में नाकाम आयोग

**वहीं टीएमसी के गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार 42 हैं और 49 आपराधिक मामलों के उम्मीदवार हैं, जबकि कांग्रेस ने आपराधिक मामलों वाले 37 और गंभीर आपराधिक मामलों वाले 30 उम्मीदवारों को टिकट दी है। यानी भाजपा ने सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे वाले उम्मीदवारों को खड़ा किया है। जब गुंडों–बदमाशों को टिकट मिलेगी और ऊपर से नफरती भाषण दिए जाएंगे, तो फिर...**

प. बंगाल चुनाव के दूसरे और आखिरी दौर के मतदान से पहले भाजपा और चुनाव आयोग पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल दूसरे चरण से पहले चुनाव आयोग ने उत्तरप्रदेश के आईपीएस अधिकारी और काउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले अजय पाल शर्मा को दक्षिण 24 परगना जिले का नया पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के फौरन बाद अजय पाल शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे फाल्टा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर के घर के पास खड़े हुए हैं और कहते हैं श्जहांगीर के घर वाले खड़े हैं, उसको बता देना कि कायदे से रहे... यह बार–बार जो खबर आ रही है कि जहांगीर के लोग धमका रहे हैं, तो फिर अच्छे से खबर लेंगे, फिर बाद में रोना और पछताना मत...।श अजय पाल शर्मा की इस भाषा और धमकी पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, कुछ पूर्व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनाव निरीक्षक का काम चुनाव आयोग की आंख और कान की तरह काम करना है, लेकिन उसमें मुंह बंद रखना होता है। यानी ऐसे सरेआम किसी का नाम लेकर धमकाना सही नहीं है। अजय पाल शर्मा की नियुक्ति पर एक तरफ टीएमसी ने सवाल उठाए, तो वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें संभल और रामपुर में भाजपा का परखा हुआ एजेंट कहकर बता दिया है कि इस नियुक्ति के पीछे राजनैतिक दबाव काम कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो चुनाव आयोग को इस




पर फौरन सफाई देनी चाहिए। क्योंकि लगातार प.बंगाल में आयोग की कामकाज की शैली पर सवाल उठ रहे हैं। जैसे चुनाव आयोग ने सोमवार, 27 अप्रैल को ही श्उपद्रवियोंश की एक नई सूची जारी की थी, जिसमें दूसरे दौर की 142 विधानसभा सीटों में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हजारों लोगों के नाम शामिल हैं। इन सभी सीटों पर बुधवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी इस सूची को एहतियाती कार्रवाई या हिरासत में लेने के अनुरोध के साथ जारी किया गया है। इसी तरह इस बार के चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की 2400 कंपनियां यानी करीब 2.4 लाख जवानों को तैनात किया है, जबकि लोकसभा चुनाव के लिए सभी 543 सीटों पर 3400 कंपनियां तैनात की गईं थी। इसके बावजूद राज्य में हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। सोमवार को टीएमसी की महिला और अनुसूचित जाति से आने वाली सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। पत्थर बरसा कर उनकी कांच के शीशे तोड़े गए, जिसमें वो और उनका ड्राइवर दोनों घायल हुए हैं। टीएमसी का आरोप है कि हमला भाजपा के लोगों ने करवाया। एक पोस्ट में टीएमसी ने लिखा भी कि अमित शाह ने कहा था कि टीएमसी के लोगों को उल्टा लटका देंगे और अब ये हमला हुआ है। टीएमसी का ये भी आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर तैनात जवान और पुलिस निरीक्षक आधी रात को छापे मार रहे हैं, रात के सन्नाटे में आम नागरिकों और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के घरों में जबरदस्ती घुस रहे हैंय वे परिवारों को आतंकित कर रहे हैं, मतदाताओं को डरा–धमका रहे हैं। वहीं मिताली बाग पर हुए हमले के बाद सागरिका घोष ने सवाल उठाया है कि क्या यही भाजपा की नारी शक्ति के सम्मान की हकीकत है। हालांकि ऐसा ही हमला गोगहाट में भाजपा प्रत्याशी प्रशांत दिगार की गाड़ी पर भी किए जाने का आरोप लगा है। उनकी कार के शीशे तोड़ दिए गए। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। इससे तीन दिन पहले एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या भी हो गई। इन हालात में सवाल ये है कि चुनाव आयोग के दावों का क्या हुआ। याद रहे कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया था कि इस बार चुनाव में न श्छप्पाश यानी फर्जी वोटिंग होगी और न ही श्बूथ जैमिंगश यानी बूथ पर कब्जा होने दिया जाएगा। आयोग का कहना है कि निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की असली पहचान है और 2021 जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। इस बार चुनाव आयोग की रणनीति पूरी तरह बदली हुई है। अब फोकस घटना होने के बाद कार्रवाई करने पर नहीं, बल्कि पहले से रोकथाम करने पर है। इसके लिए सुरक्षा बलों की पहले से तैनाती, संवेदनशील इलाकों की पहचान और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। आयोग का साफ संदेश है कि चुनावी प्रक्रिया में डर, हिंसा और दबाव के लिए कोई जगह नहीं होगी। याद रहे कि चुनाव की घोषणा होते ही प.बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किए गए थे। लेकिन इतनी कवायद का क्या मतलब अगर सांसद या प्रत्याशी या किसी कार्यकर्ता पर हमले की घटनाएं रुके ही नहीं। पहले दौर के मतदान के दिन किस तरह सुवेंदु सरकार को दौड़ा–दौड़ाकर पीटा गया था, वो नजारा भी जनता ने देखा है। इन तमाम घटनाओं से साफ है कि प.बंगाल में इस बार भी बिना हिंसा के चुनाव कराने में चुनाव आयोग नाकाम रहा है। अब उसके लिए चाहे किसी भी दल पर दोष डालें उससे आयोग अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकता। वैसे केंद्र की सत्ता पर बैठे नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जिम्मेदारी भी कम नहीं है, लेकिन वो खुद प.बंगाल में डेरा डालकर लगातार उकसाने वाले भाषण देते रहे। अमित शाह ने किस तरह अपनी सभा में एई बंगाल पुलिस कहा था, वो भी सबने देखा है। जब गृहमंत्री इस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल करेंगे तो फिर बाकियों से क्या उम्मीद की जाए। वैसे छंटे हुए गुंडों को टिकट देने में भी भाजपा ही सबसे आगे रही है, ये बात आंकड़ों से जाहिर होती है। दूसरे दौर में 142 सीटों में जो 1445 उम्मीदवार हैं, उनमें भाजपा के 101 आपराधिक और 92 गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार हैं, इसके बाद वामदलों के 51 आपराधिक और 42 गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार हैं,



# रविचंद्रन अश्विन का महेंद्र सिंह धोनी पर बड़ा बयान, स्पिनर्स के लिए उनसे बेहतर किपर कोई नहीं



रविचंद्रन अश्विन ने महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने स्पिनरों के सामने विकेट के पीछे पूर्व भारतीय कप्तान की तरह विकेटकीपिंग करते हुए ''किसी और'' को नहीं देखा है। भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में लंबे समय तक साथ रहने वाले अश्विन ने याद किया कि कैसे धोनी की विकेटकीपिंग और स्पष्ट सोच उनकी शानदार कप्तानी से कहीं अधिक विशिष्ट थी।

अश्विन ने जियोस्टार से कहा, ''उनकी विकेटकीपिंग ने मुझे हमेशा हैरान किया है। लोग उनकी कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं और यह सही भी है। उनकी सफलता ही सब कुछ बयां करती है।'' उन्होंने कहा, '''लेकिन मेरे लिए उनकी दो चीजें सबसे अलग हैं। पहला वह मध्य क्रम के बहुत अच्छे बल्लेबाज थे। एक ऐसा खिलाड़ी जो खेल को आखिर तक ले जा सकता था और उसे अनुकूल परिणाम के साथ खत्म कर सकता था।'' अश्विन ने कहा, ''और दूसरी बात स्पिनरों के सामने उनकी विकेटकीपिंग। मैंने उनके जैसा विकेटकीपर कोई और नहीं देखा है।'' अश्विन ने इसके साथ ही कहा कि धोनी गेंदबाजों के मामले में किसी तरह से दखल नहीं देते थे। इस पूर्व स्पिनर ने कहा, ''उन्होंने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपने लिए फील्डिंग खुद सजाता था। वह बस इतना कहते थे, 'दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से अनुमान मत लगाओ।

अगर तुम्हारी गेंद पर बड़ा शॉट लग जाए तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो।' उन्हें मुझ पर पूरा भरोसा था।'' अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल में क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने की घटना को याद किया और स्टंप के पीछे धोनी के शानदार कैच की सराहना की। उन्होंने कहा, ''आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से कैच पकड़ा, वह लाजवाब था।''

अश्विन आ ईपीएल में पांच फ्रेंचाइजी की तरफ से खेले। उन्होंने अपने आईपीएल करियर (2009–25) में 221 मैच में 187 विकेट लिए। अश्विन ने स्वीकार किया कि 2018–19 में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने के बावजूद वह टीम को पूरी तरह से अपना नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने राजस्थान रॉयल्स में बिताए अपने समय को सबसे संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा, ''पंजाब ने मुझे 2018 में चुना और ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपना सब झोंक दिया था।

लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मैं उस टीम को अपनी टीम नहीं बना पाया। कप्तान के तौर पर मैंने भले ही ज्यादा कुछ हासिल न किया हो, लेकिन मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।'' राजस्थान की टीम के साथ बिताए अपने समय के बारे में अश्विन ने कहा, ''मैंने वहां तीन साल बिताए और उससे मुझे भारतीय टीम में वापसी करने में मदद मिली। राजस्थान ने जिस तरह से मेरा उपयोग किया वहशानदार था। मैंने वहां क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। मुझे बस यही अफसोस है कि मैं राजस्थान रॉयल्स के साथ कोई खिताब नहीं जीत सका।

# ईरान के Peace Proposal पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप, दे डाली फिर से हमले की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि उसके खिलाफ सैन्य हमले दोबारा शुरू किए जा सकते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने साफ किया कि अगर ईरान ने कोई गलती की या दुर्व्यवहार किया, तो सैन्य कार्रवाई का विकल्प पूरी तरह खुला है।

ट्रंप ने कहा, ईरान बर्बाद हो चुका हैः ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति बेहद खराब है और वे अब समझौता करने के लिए मजबूर हैं। ट्रंप के मुताबिक, श्ईरान तबाह हो चुका है, उन्हें तो यह भी नहीं पता कि उनका नेता कौन है क्योंकि उनका पुराना नेतृत्व जा चुका है।श ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि वह ईरान की मिसाइल बनाने की क्षमता को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं ताकि वे भविष्य में फिर से



ताकत न जुटा सकें।

**ईरान का 14 सूत्रीय प्रस्ताव**

ईरान ने अमेरिका को 14 सूत्रीय शांति प्रस्ताव भेजा है, जिसमें लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करने की बात कही गई है। इस पर ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही इस प्रस्ताव को देखेंगे, लेकिन उन्हें इसके स्वीकार होने की उम्मीद कम है। ट्रंप ने श्ट्रुथ सोशलश पर लिखा कि ईरान ने पिछले 47 वर्षों में दुनिया के साथ जो किया है, उसके लिए उसने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है।

**स्थायी समाधान पर जोर**


ईरान चाहता है कि 30 दिनों के भीतर एक ऐसा समझौता हो जो युद्ध को हमेशा के लिए खत्म कर दे, न कि केवल कुछ समय के लिए युद्धविराम हो। वहीं, ट्रंप का कहना है कि वे ऐसा समझौता चाहते हैं जिससे मामला पूरी तरह सुलझ जाए और कुछ साल बाद फिर से उसी स्थिति में न लौटना पड़े। ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वे बातचीत से भाग रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि वे ईरान को फिर से खड़े होने का मौका नहीं देंगे।

# 2000 रुपए के नोटों की वापसी की घोषणा के बाद से 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं : आरबीआई

नई दिल्ली ,03 मई ,। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2000 रुपए के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। यह आंकड़ा नोटों को चलन से हटाने की घोषणा के लगभग तीन साल बाद सामने आया है। केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को 2000 रुपए के नोटों को चलन से हटाने का फैसला लिया था, जो उसकी मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया का हिस्सा था। उस समय इन नोटों की कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपए थी। लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, यह घटकर 30 अप्रैल 2026 तक सिर्फ 5,451 करोड़ रुपए रह गई है। आरबीआई ने कहा, 19 मई 2023 को जब 2000 रुपए के नोट वापस लेने की घोषणा की गई थी, तब इनकी कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपए थी, जो अब घटकर 5,451 करोड़ रुपए रह गई है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा, इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में मौजूद 2000 रुपए के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। नोटों को वापसी लेने की घोषणा के बाद से देश भर में आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस में 2000 रुपए के नोट बदलने की सुविधा दी गई है। 9 अक्टूबर 2023 से इन ऑफिसों में इन नोटों को बैंक खाते में जमा करने की सुविधा भी शुरू कर दी गई थी। केंद्रीय बैंक ने यह भी बताया कि लोग अब भी देश के किसी भी पोस्ट ऑफिस से इंडिया पोस्ट के जरिए 2000 रुपए के नोट आरबीआई के इश्यू ऑफिस में भेज सकते हैं, ताकि उन्हें उनके बैंक खाते में जमा किया जा सके। आरबीआई ने कहा, 9 अक्टूबर 2023 से आरबीआई के इश्यू ऑफिस में व्यक्ति और संस्थाएं 2000 रुपए के नोट अपने बैंक खाते में जमा कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने आगे कहा कि इसके अलावा, लोग देश के किसी भी पोस्ट ऑफिस से इंडिया पोस्ट के जरिए 2000 रुपए के नोट आरबीआई के किसी भी इश्यू ऑफिस में भेजकर अपने खाते में जमा करा रहे हैं। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि चलन से हटाए जाने के बावजूद 2000 रुपए के नोट अभी भी वैध मुद्रा (लीगल टेंडर) बने हुए हैं।

# ईरान की धमकियों से बौखलाए तुर्की ने बनाया दुनिया का सबसे खतरनाक ड्रोन, बिना GPS नेविगेट करेगा, वीआईपी लोगों के लिए बड़ा थ्रेट

दुनिया की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और टैंकों तक सीमित नहीं रही। अब लड़ाई का मैदान आसमान है। जहां एआई और स्मार्ट टेक्नोलॉजी गेम बदल रही हैं। तुर्की की मशहूर ड्रोन कंपनी बायकर ने एक ऐसा ड्रोन पेश किया है जो बिना जीपीएस की दुश्मन को ढूंढकर मार सकता है। घंटों आसमान में मंडरा सकता है और सही वक्त आने पर घातक हमला कर सकता है। इसका नाम है मिजराक जिसका मतलब है तीर या भाला। दरअसल बायकर का मिजराक एक एआई पावर्ड कैमिकाजे ड्रोन है जिसे लाइटनिंग मुनिशन कहा जाता है। यानी यह पहले हवा में घूमकर अपने लक्ष्य की तलाश करता है और फिर हमला करता है। इसकी रेंज 1000 किमी से ज्यादा है और यह करीब 7 घंटे तक हवा में रह सकता है। करीब 200 किलो वजनी यह ड्रोन 185 किमी घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और 10,000 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 40 किलो तक का वॉर हेड लगाया जा सकता है जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।



इसे रनवे या रॉकेट असिस्ट दोनों तरीके से लॉन्च किया जा सकता है। मिजरक के दो वेरिएंट है। एक हैवी डैमेज के लिए 40 किलो डबल वॉर हेड के साथ और दूसरा 20 किलो वॉर हेड के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जो रडार वाले टारगेट को आसानी से पहचान सकता है। इसमें ईओ और आईआर कैमरे लगे हैं जो निगरानी और टारगेट पहचानने में मदद करते हैं। लेकिन इसकी सबसे खतरनाक ताकत जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता है। आमतौर पर ड्रोन जीपीएस पर निर्भर होते हैं। जिन्हें दुश्मन जैम कर सकता है। लेकिन मिजक में एप पावर्ड ऑटो पायलट इनशियल नेविगेशन सिस्टम है और कंप्यूटर विजन टेक्नोलॉजी लगी है। यह ड्रोन कैमरे से मिलने वाली तस्वीरों को रियल टाइम में प्रोसेस करता है। आसपास के लैंडमार्क्स में अपनी पोजीशन मिलाता है और स्लैम जैसी तकनीक के जरिए खुद अपना नक्शा बनाकर आगे बढ़ता है। यानी जीपीएस जैमिंग भी इसे रोक नहीं सकती। यही वजह है कि वीआईपीस और हाई वैल्यूस टारगेट के लिए यह एक बड़ा खतरा बन सकता है। यह 1000 किमी.दूर से आकर घंटों तक किसी इलाके में घूम सकता है। खुद टारगेट पहचान सकता है और सही समय पर हमला कर सकता है। वह भी बिना किसी इंसानी कंट्रोल के। जहां कई ड्रोन मिलकर एक साथ हमला करते हैं जिससे बचाव और भी मुश्किल हो जाता है। मिजरक सिर्फ एक ड्रोन नहीं बल्कि आने वाले युद्ध की नई सोच का संकेत है। बकर ने एआई और ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी के जरिए यह दिखा दिया है कि भविष्य की जंग कितनी स्मार्ट और खतरनाक हो सकती है। लंबी दूरी, भारी पैलोड, जीपीएस फ्री ऑपरेशन और खुद टारगेट पहचानने की क्षमता यह सभी खूबियां इसे एक गेम चेंजर बना सकती हैं। ऐसे में अब सवाल यही है क्या दुनिया इसके खिलाफ नई सुरक्षा तकनीक विकसित कर पाएगी या फिर यह एआई ड्रोन आने वाले समय में युद्ध के नियम ही बदल देंगे। फिलहाल तो तय है आसमान अब सिर्फ निगरानी ही नहीं बल्कि खामोश और सटीक हमलों का दौर शुरू हो चुका है।

# एक दशक में यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या में करीब 12,000 गुना उछालः सरकार

नई दिल्ली।। वित्त मंत्रालय ने बताया कि भारत के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने पिछले एक दशक में लेनदेन की मात्रा में लगभग 12,000 गुना की असाधारण वृद्धि दर्ज की है।

11 अप्रैल, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रेगुलेटरी देखरेख में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा लॉन्च किया गया यूपीआई, भारत के डिजिटल पेमेंट्स इकोसिस्टम की रीढ़ बन गया है।

मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2016–17 में सिर्फ 2 करोड़ ट्रांजैक्शन के मामूली आधार से बढ़कर, इस प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 2025–26 में 24,162 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन प्रोसेस किए।

वैल्यू के मामले में भी, यूपीआई का उभार उतना ही शानदार रहा है। ट्रांजैक्शन की वैल्यू, ऑपरेशन के पहले साल में 0.07 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025–26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपए हो गई, जो 4,000 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी है।

वॉल्यूम और वैल्यू, दोनों में यह दोहरा विस्तार इस बात को दिखाता है कि यह प्लेटफॉर्म न सिर्फ छोटे रिटेल पेमेंट्स के लिए, बल्कि ज्यादा वैल्यू वाले ट्रांजैक्शन के लिए भी कितना ज्यादा जरूरी होता जा रहा है।

सरकारी आकलन के अनुसार, यूपीआई के पैमाने, इंटरऑपरेबिलिटी और भरोसे ने भारत को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में एक ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित किया है।

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने यूपीआई को ट्रांजैक्शन वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी रियल–टाइम पेमेंट सिस्टम के तौर पर मान्यता दी है, जिससे ग्लोबल फिनटेक परिदृश्य में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।

साल 2025 यूपीआई के विकास के सफर में एक अहम मोड़ साबित हुआ, जब पहली बार मासिक ट्रांजैक्शन वॉल्यूम 2,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया।

अगस्त 2025 में, ट्रांजैक्शन 2,001 करोड़ तक पहुंच गए, और यह रफ्तार पूरे साल जारी रही, जिसका नतीजा दिसंबर में 2,163 करोड़ ट्रांजैक्शन के रिकॉर्ड के रूप में सामने आया।

कुल मिलाकर, यूपीआई ने कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान लगभग 22,000 करोड़ ट्रांजैक्शन प्रोसेस किए, जिनका औसत लगभग 60 करोड़ ट्रांजैक्शन प्रतिदिन रहा। यह यूजर्स के बीच इसकी गहरी पहुंच और व्यापक भरोसे का एक संकेत है।

संस्थागत भागीदारी में भी काफी विस्तार हुआ है। यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या वित्त वर्ष 2016–17 में 44 से बढ़कर वित्त वर्ष 2025–26 तक 703 हो गई है, जिसमें पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेमेंट बैंक और कोऑपरेटिव बैंक शामिल हैं। इस व्यापक भागीदारी से भौगोलिक पहुंच और गहरी हुई है और प्लेटफॉर्म की सुलभता मजबूत हुई है। डेटा के रुझान इस्तेमाल के तरीकों में एक साफ अंतर दिखाते हैं। कुल लेन–देन की मात्रा में पर्सन–टू–मर्चेंट (पी2एम) लेन–देन की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जिसकी मुख्य वजह ज्यादा बार होने वाले, कम कीमत वाले खुदरा भुगतान हैं। खास बात यह है कि इनमें से 86 प्रतिशत लेन–देन 500 रुपए से कम के हैं। दूसरी ओर, पर्सन–टू–पर्सन (पी2पी) लेन–देन का कुल लेन–देन के मूल्य में 71 प्रतिशत योगदान है। मंत्रालय ने आगे बताया कि पी2पी भुगतानों के भीतर भी, जहां 59 प्रतिशत लेन–देन 500 रुपए से कम के हैं, वहीं एक बड़ी संख्या में 41 प्रतिशत लेन–देन इस सीमा से ज्यादा के हैं।

# मैड्रिड ओपन 2026ः जैनिक सिनर ने रचा इतिहास, जोकोविच का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर मचाई सनसनी

मैड्रिड। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर और पूर्व चौंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव मैड्रिड ओपन के पुरुषों के सिंगल्स फाइनल में आमने–सामने होंगे. इटली के सिनर ने सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को सीधे सेटों में 6–2, 6–4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जर्मनी के ज्वेरेव ने एक और रोमांचक सेमीफाइनल में बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. इस जीत के साथ इटली के जैनिक सिनर ने इतिहास रच दिया है. वो सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं. सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने यह कीर्तिमान 2012 में बनाया था. इसके अलावा सिनर इतिहास के तीसरे ऐसे पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही सीजन के पहले चार मास्टर 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है. उनसे पहले 2006 में रोजर फेडरर और 2011 में राफेल नडाल ने यह कारनामा किया था. इस बीच मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार जीत के मामले में सिनर अब चौथे स्थान पर हैं, उन्होंने लगातार 27 मैच जीते हैं. वे जोकोविच से ज्यादा पीछे नहीं हैं, जिनके नाम लगातार 31 जीत का रिकॉर्ड दर्ज है. अगर सिनर यह टूर्नामेंट फिर से जीत लेते हैं, तो यह उनका लगातार चौथा मास्टर्स 1000 खिताब होगा. उन्होंने इस सीजन में पहले ही इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते हैं. टूर्नामेंट में सिनर को खिताब जीतने का फेवरेट माना जा रहा था, क्योंकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए. हालांकि, मैच के बाद सिनर ने माना कि लगातार मैचों के कारण उन्हें शारीरिक थकान महसूस हो रही है. सिनर ने कहा, श्मैं मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हूं, लेकिन लगातार मैचों के कारण मेरा शरीर थोड़ा थका हुआ है. फिर भी, मैं फाइनल में बेहतर खेलने की कोशिश करूंगा.श

कल का फाइनल सिनर के लिए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की करने का एक मौका है. दूसरी ओर, ज्वेरेव के लिए यह अपनी पुरानी शान वापस पाने का एक मंच है. वह इस सीजन का अपना पहला फाइनल खेल रहे हैं. कल मैड्रिड की क्ले कोर्ट पर होने वाले इस मुकाबले में गति और ताकत के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी.

# ट्रंप ने यूरोपीय संघ की कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया, व्यापार समझौते का पालन नहीं करने का आरोप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने यूरोपीय संघ से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ पर मौजूदा व्यापार समझौते का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर भी अनिश्चितता जताई।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हमने यूरोपीय संघ से आने वाली कारों पर टैरिफ बढ़ाया, क्योंकि यूरोपीय संघ हमारे व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा, मैंने कारों और ट्रकों पर टैरिफ 25 प्रतिशत कर दिया है। इससे अमेरिका को अरबों डॉलर मिलेंगे और इससे कंपनियों पर अपनी फैक्ट्रियां जल्दी अमेरिका लाने का दबाव बनेगा।

ट्रंप ने कहा कि फैसले का मकसद कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने के लिए मजबूर करना है। इस समय अमेरिका में 100 अरब डॉलर से ज्यादा के कार प्लांट बन रहे हैं। यह एक रिकॉर्ड है। हमने पहले कभी ऐसा नहीं देखा। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा और मेक्सिको से हो रहे निवेश का भी जिक्र किया।

ईरान पर ट्रंप ने कहा कि बातचीत जारी है, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं अभी संतुष्ट नहीं हूं। देखते हैं क्या होता है। ईरान की नेतृत्व व्यवस्था बिखरी हुई है। वे सभी समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे खुद बिखरे हुए हैं।

उन्होंने ईरान नेतृत्व को बेहद असंगठित बताया। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता काफी कमजोर हो चुकी है। ईरान के पास न नौसेना है, न वायुसेना। उसका नेतृत्व ठीक से काम नहीं कर पा रहा।

ट्रंप ने कहा कि वह कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता देते हैं। क्या हम जाकर उस पर हमला कर दें और हमेशा के लिए खत्म कर दें, या फिर समझौते की कोशिश करें? इंसानियत के आधार पर मैं पहला रास्ता नहीं चुनना चाहूंगा।

ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई के लिए कांग्रेस की मंजूरी न लेने के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि ऐसी मंजूरी पहले कभी नहीं ली गई और इसे पूरी तरह असंवैधानिक माना जाता है। घरेलू मोर्चे पर ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत बताया। उन्होंने कहा, शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। आज अमेरिका में जितने लोग काम कर रहे हैं, उतने पहले कभी नहीं थे।

उन्होंने माना कि ईंधन की कीमतें अभी ऊंची हैं, लेकिन कहा कि तनाव कम होते ही ये घटेंगी। जब युद्ध खत्म होगा, तो पेट्रोल की कीमतें गिर जाएंगी। फिलहाल बड़ी मात्रा में तेल प्रमुख समुद्री मार्गों से नहीं गुजर पा रहा है।

ट्रंप ने आर्थिक फैसलों में अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति दोहराई। स्पिरिट एयरलाइंस को संभावित मदद के सवाल पर उन्होंने कहा, हम नौकरियां बचाना चाहते हैं, लेकिन तभी जब सौदा अच्छा हो।

उन्होंने पाकिस्तान को लेकर भी कहा कि उन्हें पाकिस्तान के लिए बहुत सम्मान है और वहां का नेतृत्व क्षेत्रीय मामलों में हमारे साथ काम कर रहा है।

ट्रंप ने चीन की भविष्य में यात्रा की भी पुष्टि की और उसे एक शानदार कार्यक्रम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि लेबनान और इजरायल के नेता व्हाइट हाउस आने वाले हैं।

## जनपद में धारा 163 लागू

जौनपुर। जिला मजिस्ट्रेट दिनेश चन्द्र के द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों एवं विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दृष्टिगत एवं आसन्न पर्वो यथा 01 मई को बुद्व पुर्णिमा, 09 मई लोक नायक महाराणा प्रताप जंयती 27 एवं 28 मई ईदुज्जुहा बकरीद एवं 25 एवं 26 को मोहर्रम का पर्व मनाया जाएगा। जनपद में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शान्ति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। साथ ही असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों व उनके समाज विरोधी क्रियाकलापों पर अंकुश लगाये जाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत धारा 163 जनपद में लागू किया जाना समाचीन प्रतीत होता है।

## परिवहन मंत्री ने प्रशिक्षण केन्द्र का किया शुभारंभ

जौनपुर। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जनपद जौनपुर के शाहगंज क्षेत्र में निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन द्वारा किया जा रहा है।जे.जे. मैरिज लॉन, गैरवाह, शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह द्वारा फीता काटकर प्रशिक्षण केन्द्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवियों, पूर्व एवं वर्तमान ग्राम प्रधानों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को निःशुल्क सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा निकाली

जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के खाना पट्टी गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व . सुबह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा आयोजन से पहले गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे की धुनों पर झूमते श्रद्धालु पूरे मार्ग में भक्ति रस में सराबोर नजर आए।गांव निवासी मुख्ययजमान कमलेश सिंह व उनकी पत्नी गिरजा सिंह के नेतृत्व में उनके आवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व विद्वान आचार्य कथा वाचक पंडित श्याम मुरारी पांडेय,देवीलाल मिश्रा,उमाशंकर दूबे,लवप्रकाश मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ कराया गया। यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी भक्ति भाव से शामिल हुए।कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों और प्रमुख मार्गों से होकर निकली। श्रद्धालुओं ने मंदिरों से पवित्र जल लेकर कथा स्थल पर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। आयोजन को सफल बनाने में शरद सिंह, सुशील सिंह, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजू, अमन सिंह,अनन्त सिंह, जितेंद्र सिंह, रिशु सिंह,दिनेश सिंह बाबा, अवनीश सिंह, टोनी, सचिन सिंह समेत तमाम ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## जिलाधिकारी ने मधवापुर घाट पहुंचकर किया निरीक्षण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए विकास खण्ड जमुनहा अन्तर्गत मधवापुर घाट का निरीक्षण कर जायजा लिया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी दशा में मार्ग को क्षतिग्रस्त से होने से बचाने के लिए कारगर कदम उठायें। उन्होने वहीं पर उपस्थित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि कटान रोकने के लिए जियो ट्यूब का प्रयोग किया जाए। जिससे सड़क को सम्भावित बाढ़ के दौरान कटने से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व ही कटान रोधी कार्यो को कराने हेतु सम्बन्धित कार्यो का आगणन तैयार कराकर पत्र प्रेषित किया जाए।

## रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के दसवां मील के समीप सुबह साइकिल से जा रहे 55 वर्षीय अधेड़ को रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के चकमीरपुर गांव निवासी स्वर्गीय गुलजारी का बहुत ज्ञान सिंह दसवां मील में वैशाली ढाबा में काम करता था। बताते हैं कि सुबह लगभग 10.30 बजे साइकिल में सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह कुछ दूर पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर में शाम ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए बिंदकी सीएचसी लाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फिरोजपुर गांव निवासी मिश्रीलाल का पुत्र सर्जुन साइकिल से घर आ रहा था। तभी ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएससी पहुंचे। जहां चिकित्सी उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन सरकारी एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान देर रात लगभग दस बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सदर अस्पताल मार्च्युरी पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के ससुर गुरु प्रसाद ने दी है।

# नदियों और जलस्त्रोतों को बचाने की उठी आवाज, जन आयोग का गठन




**सहजनवा /गोरखपुर /पिपरौली।** पूर्वांचल में बढ़ते जल प्रदूषण, नदी प्रदूषण, अतिक्रमण एवं पर्यावरण संकट जैसे गंभीर विषयों को लेकर रविवार को प्रेस क्लब गोरखपुर के सभागार में "पानी की बात, आपके साथ" विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में आमी समेत पूर्वांचल की नदियों, तालाबों, झीलों एवं जलस्त्रोतों को बचाने के लिए व्यापक जनआंदोलन चलाने का संकल्प लिया गया।

सम्मेलन में घोषणा की गई कि आने वाले समय में नदियों और जलस्त्रोतों के किनारे जल पंचायतों का आयोजन किया जाएगा, ताकि आमजन को इस अभियान से जोड़ा जा सके। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. शरद चंद्र मिश्र ने कहा कि जल प्रदूषण के कारण आर्सेनिक जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है।वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सिंह ने कहा कि नदियों के प्रदूषण से आम आदमी सर्वाधिक प्रभावित है। सरकार की प्राथमिकता में नदियों को बचाने के बजाय कॉर्पोरेट हितों को संरक्षण देना दिखाई देता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आमी बचाओ मंच के विश्वविजय सिंह ने कहा कि लंबे जनसंघर्ष और कानूनी लड़ाई के बाद भी आमी जैसी नदियों को बचाने के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए कि आमी नदी को प्रदूषित करने वाले उद्योगों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

पूर्वांचल की सभी नदियों को प्रदूषण एवं अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

पूर्वांचल की नदियों के फ्लड प्लेन, झीलों एवं तालाबों की भूमि पर किसी भी प्रकार की विकास योजना प्रस्तावित न की जाए। नदियों पर निर्भर जनसमुदाय की आजीविका सहित सभी अधिकारों की गारंटी की जाए।नदी कटान से प्रभावित परिवारों का समुचित पुनर्वास किया जाए।सम्मेलन ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि पूर्वांचल की सभी नदियों के प्रदूषणमुक्त एवं निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने हेतु "जन आयोग" का गठन किया जाए।सम्मेलन की अध्यक्षता संत पूज्य डा. हरिशरण शास्त्री एवं संचालन विक्रांत साहनी ने की।इस दौरान निषाद, अर्पित श्रीवास्तव, विकास सिंह, चंद्रिका भारती, भीम विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, निर्मला पासवान, अशोक निषाद, मेनिका पाण्डेय, सुनीला देवी, सविता राय, ऊषा श्रीवास्तव, शाहील विक्रम तिवारी, जितेन्द्र पाण्डेय, तसनीम असलम, अशोक कश्यप, महेन्द्र नाथ मिश्रा, डाक्टर पी एन भट्ट, अभिमन्यु विश्वकर्मा, अभय सिंह, महेन्द्र मोहन उर्फ गुड्डू तिवारी, कुशुम पाण्डेय, दयानंद यादव, राम बेलाश मौर्या, रामू कुशवाहा, गब्बु लाल प्रजापति, अनसुमान पाठक, आदियन्स गांधी, मोहम्मद इरफान, मोनू राय,राजेश निषाद, राजकुमार मौर्या, राकेश मौर्या, सुहेल अंसारी, रामचरित निषाद, सुभाष दास, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बरवापट्टी पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को दबोचा, लंबे समय से थे फरार



**कुशीनगर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरवापट्टी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजेश यादव पुत्र कुबेर यादव निवासी रामपुर बरहन टोला भवानीपुर थाना बरवापट्टी तथा रामनाथ पुत्र सोहिल यादव निवासी परोरही थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर शामिल हैं। इन दोनों के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि पहले मामले में अभियुक्त पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था, जबकि दूसरे मामले में धारा 147, 325, 323, 504 और 506 भादवि के तहत मारपीट एवं अन्य गंभीर आरोप लगे थे। इसके बावजूद दोनों अभियुक्त न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके चलते पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। इसी क्रम में थाना बरवापट्टी के थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक इखराम खान, उपनिरीक्षक गौतम कुमार तथा कांस्टेबल अखिलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली है और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

# छात्रा को मोबाइल संदेश भेजने का आरोपी पुलिस हिरासत में

## सहायक कुलसचिव करेंगी मामले की जांच

**जौनपुर ।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में छात्रा को मोबाइल पर अनाप–शनाप मैसेज करने वाला एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच की जिम्मेदारी सहायक कुलसचिव बबीता सिंह को दे दी गई । बताने की आउटसोर्सिंग कर्मचारी पिछले कुछ दिनों को परिसर में एक छात्रा को फोन करके परेशान कर रहा था, अनाप–शनाप मोबाइल पर संदेश दे रहा था। और किसी बहाने हॉस्टल तक पहुंच जाने की शिकायत थी ।जिससे छात्र ने परेशान होकर विश्वविद्यालय की जिम्मेदारों को लिखित जानकारी दी और इसके बाद मामले को गंभीरता से लिया गया ।उसमें सहायक कुलसचिव बबीता सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। शिकायत की जांच की जा रही हैं। उधर एक आरोपी को चिन्हित करके पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी भी शामिल होने के मामले हैं। पुलिस की रडार पर जैसे भी आएंगे वैसे पुलिस उन्हें उठाकर कार्रवाई करेगी ।

# 24 घंटे बाद मृतक आजाद का हुआ रामघाट पर अंतिम संस्कार

## राज्यमंत्री डीएम एसपी पूर्व सांसद विधायक ने दिया आश्वासन

**जौनपुर ।** बड़उर गांव में युवक की हत्या के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शनिवार को शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने घर के सामने शव रखकर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया । जिसके बाद प्रदेश के राज्यमंत्री व डीएम एसपी विधायक पूर्व सांसद ने पहुंचकर शोक संवेदना जताई है और कार्यवाही का आश्वासन दिया जिससे 24 घंटे बाद मृतक का अंतिम संस्कार राम घाट पर किया गया। पोस्टमार्टम के बाद आजाद का शव मिलने के बावजूद परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इनकार करते रहे। आखिरकार प्रशासन के आश्वासन और लंबी वार्ता के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। बडऊर गांव निवासी राम लखन के पुत्र आजाद की शुक्रवार को बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया, लेकिन परिजनों ने देर रात तक अंतिम संस्कार नहीं किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। रविवार सुबह तक शव घर पर रखकर विरोध प्रदर्शन जारी रहा। परिजनो ने कहा जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी और एनकाउंटर नहीं होगा तब तक हम लोग अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने परिजनों से करीब एक घंटे तक वार्ता की।

उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक अनुपम कुमार सिंह और शाहगंज विधायक रमेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों की मांग थी कि मुख्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हो और तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की जाए। हत्या आरोपी का एनकाउंटर हो। परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे इसके पूर्व सांसद धनंजय सिंह और पुलिस अधीक्षक अनुपम कुंवर सिंह घंटे की लंबी वार्ता के बाद शाम परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। इसके बाद शाम करीब 5 बजे के बाद रामघाट पर मृतक के पिता ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव बना रहा, हालांकि प्रशासन की सक्रियता से स्थिति नियंत्रित रही।

# रविन्द्रनगर धूस पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविन्द्रनगर धूस थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है, जो काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विनोद सिंह पुत्र वलजीत नारायण सिंह निवासी चौराखास थाना रविन्द्रनगर धूस जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना रविन्द्रनगर धूस में मुकदमा संख्या 22236/24 के तहत धारा 406, 504 एवं 506 भादवि में मामला दर्ज है। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद अभियुक्त पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसकी गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष श्री सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस टीम में उपनिरीक्षक शशांक राय, उपनिरीक्षक रामप्रताप यादव एवं कांस्टेबल मुद्रिका प्रसाद की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में वारंटियों और फरार अभियुक्तों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिली है तथा आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# सद्भावना क्लब जौनपुर नें रक्तदान शिविर का किया आयोजन




**जौनपुर ।** सद्भावना क्लब, जौनपुर के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय, जौनपुर में मानवता की सेवा के उद्देश्य से एक बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर का आयोजन अध्यक्ष विवेकानंद मौर्या की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान किया गया, जो समाज के प्रति एक सराहनीय पहल है। रक्तदान करने वालों में निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान, अभिनंदन त्रिपाठी, विनीत गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष हफीज शाह,अखिलेश अग्रहरि, शाहबाज खान,पूर्व अध्यक्ष आशीष गुप्ता,चंद्रेश मौर्या, अमन जायसवाल,दिनेश कुमार यादव(डीके)एवं सुनील कुमार पूर्व प्रधान पाल्हा मऊ) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. सैफ खान ने अपने उद्बोधन में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे अनेक जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। अध्यक्ष विवेकानंद मौर्या एवं निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान ने संयुक्त रूप से कहा की समय समय पर सद्भावना क्लब जरूरतमंदों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहेगी।

इस अवसर पर क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव,नरसिंह अवतार जायसवाल,मधुसूदन बैंकर्स,आशीष गुप्ता,हफीज शाह,श्रवण साहू,निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद रजा खान, सचिव हर्ष महेश्वरी,कोषाध्यक्ष विनीत गुप्ता प्रमुख रहे।

कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक प्रीतेश गुप्ता,विजय अग्रवाल,शाहबाज खान,अतीत मौर्या,मोहित मौर्या,अभिनंदन त्रिपाठी,चंद्रेश मौर्या,अखिलेश अग्रहरि,अंश मौर्या एवं अनंत मौर्या का विशेष योगदान रहा।

अंत में कार्यक्रम संयोजक प्रितेश गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश



बहराइच।बहराइच जिले में दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नैनीहा जंगल में अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे में मृतक की पहचान नागेश, निवासी रामपुर धोबिया हार के रूप में हुई है। वहीं संजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर:सैकड़ों लोगों की मुफ्त जांच, टीबी उन्मूलन को मिला बल



**गोरखपुर।** क्षेत्र के बरगदही स्थित न्यू सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज में आयुष्मान आरोग्य शिविर के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन "टीबी मुक्त भारत अभियान" के तहत एक भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नंबर 7 प्रिंस कुमार सिंह के प्रयास से किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में एम्स गोरखपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा अत्याधुनिक एक्स–रे एआई तकनीक के माध्यम से टीबी की जांच की गई। इसके साथ ही एमएमयू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) एवं यूपीटीयू की टीम ने भी उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। इस दौरान भटहट ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जिसने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों की शुगर, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन जैसी सामान्य जांचों के साथ–साथ टीबी की पहचान के लिए बलगम जांच भी की गई। विशेष बात यह रही कि ये सभी जांचें, जो सामान्यतः महंगी होती हैं, पूरी तरह निःशुल्क की गईं। इसके अलावा, मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयों का वितरण भी मुफ्त में किया गया।

शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समय रहते बीमारी का इलाज कराकर स्वस्थ जीवन जी सकें। साथ ही उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सभी के सहयोग की अपील की।

विद्यालय की प्रबंधक सुनीता सिंह ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सहयोगियों का आभार जताया। वहीं प्रधानाचार्य अजय सिंह ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

इस अवसर पर अधिवक्ता दीवानी न्यायालय गोरखपुर शिवम् मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता देखने को मिली और शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा जारी किया गया जनमानस की भाषा में सन्देश'

**कुशीनगर ।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन द्वारा दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जनमानस की भाषा में आज एक भोजपुरी में एक आडियो सन्देश जारी किया गया।

भुवन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये इस सन्देश में कहा गया है कि 'हम भुवन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आप सभी के प्रणाम करतानी। जिला न्यायाधीश, कुशीनगर, श्री संजीव त्यागी जी के निर्देशानुसार हम रउआ सभे के बतावल चाहत बानी कि 9 मई 2026 के राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हो रहल बा, रउआ सभे सुलह–समझौता के आधार पर इहाँ आपन विवाद के निपटारा करा सकेनी। रउरा सभे से निहोरा बा कि एह संदेश के अउरी लोग में फइलावल जाव आ एह आयोजन के सफल बनावल जाव' 'बैंक लोन, बीमा, दुर्घटना, पारिवारिक मामला, आपराधिक मामला, बिजली बिल के विवाद, चेक विवाद, पईसा वसूली के विवाद चाहे मुकदमा से पहिले के विवाद जईसन कवनो प्रकार के विवाद के निपटारा बातचीत अउरी समझौता के माध्यम से कईल जा सकेला स ताकि पूरा दुनिया के पता चल जाए कि कुशीनगर के पावन धरती मुकदमाबाजी से जादे समझौता के माध्यम से विवाद के समाधान में विश्वास करेले'। 'अउरी कवनो जानकारी खातिर तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर से संपर्क करीं। धन्यबाद।' इस संदेश का उद्देश्य दिनांक 09.05.2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए उनकी भाषा में उन तक पहुच बनाने का एक प्रयास है।

## फाजिलनगर में सपा नेता जेपी जयसवाल का दौरा, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**फाजिलनगर, कुशीनगर ।** नगर पंचायत फाजिलनगर में



उप चुनाव के बीच आज नगर पंचायत फाजिलनगर में राजनीतिक माहौल उस समय गरमा गया। जब समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधान परिषद सदस्य जेपी जयसवाल व रब्बुदीन सदस्य प्रदेश कार्यकारणी समाजवादी पार्टी दोनों वरिष्ठ नेताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश सिंह को साइकिल पर मोहर लगाने के लिए जोरदार अपील की तथा उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में एक तरफा होता दिख रहा है। इस बार विकास का समाजवादी पार्टी ही विश्वास हैं। इस बार जनता में जोश और समर्थन यह बता रहा है कि इस बार जनता मन बना लिया है कि साइकिल वाला पर अपना आशीर्वाद देने और रिकार्ड तोड़ मतदान करने वाले हैं। इस मौके पर पूर्व एम एल सी जे पी जयसवाल, रब्बुदीन सदस्य प्रदेश कार्यकारणी समाजवादी पार्टी, रामअवध यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, उदय नारायण गुप्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख, राजकिशोर जयसवाल जिला अध्यक्ष व्यापार सभा, राम अवध यादव जिला अध्यक्ष सपा पूर्व विधान परिषद सदस्य, हसमुद्दीन अंसारी पूर्व ब्लाक प्रमुख, लखीचंद यादव जिला उपाध्यक्ष सपा, विपिन कुमार सिंह नेता सपा, आफताब खान नेता सपा, युवा नेता सपा राज यादव,वारिस्टर गुप्ता,रामअवधा राजभर इत्यादि।

## करमैनी स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले में 26 मरीजों का उपचार

पटहेरवा (कुशीनगर)। क्षेत्र के करमैनी स्थित नए प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 26 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में सभी डॉक्टर समय से उपस्थित रहे और मरीजों का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने नेत्र, चर्म रोग, पेट दर्द, खांसी व अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं निःशुल्क प्रदान कीं। दोपहर 2 बजे तक कुल 26 मरीजों का पंजीकरण एवं उपचार किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे अधिकांश मरीज सर्दी–जुखाम से पीड़ित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आरोग्य मेले के आयोजन से मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं और मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान जमील अहमद, रामजी कुशवाहा, शंभुशरण पांडेय, अशोक कुशवाहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, सुनीता शाही के समर्थन में उतरे ए के शर्मा

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर में आज केंद्रीय नगर विकास मंत्री व ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने भाजपा



प्रत्याशी सुनीता शाही पत्नी स्व. शत्रु मर्दन प्रताप शाही के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कमल के निशान पर मोहर लगाकर ष्बबुआ जीष को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्व. शत्रु मर्दन प्रताप शाही ने क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य किए, उन्हें आगे बढ़ाने का दायित्व अब आप सभी मतदाताओं पर है। सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे और भाजपा के समर्थन में जोरदार अपील व नारेबाजी की गई। इस मौके पर फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ,क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ,जिला उपाध्यक्ष पशुपति जयसवाल और सुरेंद्र सिंह , कुंवर सुबास सिंह, राधेश्याम मद्देशिया, विजय कुमार सिंह, अरशद अयूब, अजात शत्रु शाही कुंवर शाही, रिंकू राय, शंभू सिंह इत्यादि।

## परवाह वेलफेयर सोसाइटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई

**सहजनवा /गोरखपुर ।** स्थित कार्यालय पर परवाह वेलफेयर सोसाइटी कार्यकारिणी की रजिस्ट्रेशन उपरांत प्रथम







बैठक अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इसमें पूर्व मनोनित पदाधिकारियों का कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन सहित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों और संस्था के आगामी क्रियाकलापों पर विचार विमर्श हुआ । सभी उपस्थित सदस्यों ने संस्था के सुचारू संचालन हेतु अपना बहुमूल्य सुझाव दिया । अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष श्री मिश्र ने सभी पदाधिकारियों/सदस्यों को परवाह वेलफेयर सोसाइटी के तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। सर्व सम्मति से संस्था की मापदंड और गरिमा को बनाए रखते हुए सामाजिक कार्यों को गति देने पर निर्णय हुआ । इसी क्रम में अशोक कुमार मिश्र को अध्यक्ष, श्रीमती संध्या त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार तिवारी को विधि सलाहकार, अश्विनी कुमार मिश्र को महामंत्री,अरविंद कुमार त्रिपाठी को संगठन मंत्री सह कैंप कार्यालय प्रभारी, राजकुमार आर्या को मीडिया प्रभारी, कृष्ण शंकर उपाध्याय को सहायक मंत्री, मन भरन को कार्यकारिणी सदस्य, हेमेंद्र मिश्र को कार्यकारिणी सदस्य के पूर्व मनोनयन को अनुमोदित किया गया। इस दौरान राजेश कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार यादव तथा श्रीमती सुनीता मिश्रा आदि की भी उपस्थिति रही। संचालन अश्विनी मिश्र ने किया।

## शादी के नाम पर ठगी करने वाले 'लुटेरी दुल्हन' गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस ने 4 महिलाओं को किया गिरफ्तार

**महराजगंज।** जनपद पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने



वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 39,500 नगद, एक जोड़ी पायल और एक मंगलसूत्र बरामद किया है, जबकि मुख्य आरोपी जितेन्द्र अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सुनियोजित तरीके से भोले–भाले लोगों को शादी का झांसा देकर ठगी करता था। ताजा मामले में एटा निवासी पीड़ित रंजीत चौहान को 2 मई को सिन्दुरिया क्षेत्र में बुलाकर शादी की रस्में कराई गईं। इस दौरान आरोपियों ने खाने–पीने और शादी के नाम पर ध्1 लाख से अधिक की रकम और आभूषण ठग लिए। घटना के दौरान आरोपियों ने पीड़ित और उसके परिजनों के साथ मारपीट भी की, जिससे कई लोग घायल हो गए। इसके बाद मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि अन्य महिलाएं भी धमकी देकर भाग निकलीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 मई को चिउटहा बाजार के पास से चारों महिलाओंकृलालती, सुमित्रा, काजल और अंजलिकाकृको गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि अंजलिका पहले से विवाहित है और एक बच्चे की मां है, लेकिन उसे अविवाहित बताकर शादी कराई जा रही थी। गिरोह में सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं और मिलकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा किया जा रहा है

## जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, किसान निर्धारित मात्रा में ही करें उपयोग : जिला कृषि अधिकारी'

**कुशीनगर ।** जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मेनका ने जनपद के किसान भाइयों को अवगत कराया है कि वर्तमान में हो रही भारी वर्षा के कारण गन्ने की टॉप ड्रेसिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत जनपद में सभी प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में यूरिया 16,255 मीट्रिक टन, फास्फेटिक उर्वरकों में डी०ए०पी० 5,572 मीट्रिक टन, एन०पी०के० 7,883 मीट्रिक टन तथा एस०एस०पी० 6,769 मीट्रिक टन विभिन्न उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आज दिनांक 02.05.2026 को मैट्रिक्स कम्पनी से 856 मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त आपूर्ति प्राप्त हुई है। प्राप्त यूरिया में से 20 प्रतिशत (256 मीट्रिक टन) जनपद की सहकारी समितियों को आवंटित किया जा रहा है, जबकि शेष 80 प्रतिशत (600 मीट्रिक टन) निजी उर्वरक विक्रेताओं को वितरण हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसानों को समय से उर्वरक प्राप्त हो सके। उन्होंने किसान भाइयों से अपील किया है कि वे संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। विभाग द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी विभागीय पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। किसान बंधु अपनी आवश्यकता के अनुसार जोत बहीध्खतौनी के आधार पर अपने निकटतम निजी अथवा सहकारी उर्वरक प्रतिष्ठान से पी०ओ०एस० मशीन के माध्यम से आधार कार्ड अथवा फार्मर रजिस्ट्रेशन के जरिए उर्वरक प्राप्त करें। उर्वरक क्रय में किसी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 8317015135 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## कुशीनगर में नीट (यूजी) 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, पुलिस–प्रशासन रहा मुस्तैद

**कुशीनगर।** कुशीनगर जनपद में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश



परीक्षा **NEET** (**UG**) 2026 को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर श्री अजय कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों और विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, लेकिन प्रशासन की सुव्यवस्थित व्यवस्था के चलते प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रही। सुरक्षा जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। वहीं, परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा गया, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की बाधा न हो। अभिभावकों के लिए भी निर्धारित स्थानों पर इंतजाम किए गए थे, ताकि परीक्षा केंद्रों के बाहर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो रही है। इस दौरान पुलिस प्रशासन की सक्रियता और मुस्तैदी साफ तौर पर नजर आई, जिससे अभ्यर्थियों में भी आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव बना रहा। कुल मिलाकर कुशीनगर में **NEET** (**UG**) 2026 परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित और सफल रहा।

# मन रमा तो हो गए ज्ञान गिरी संत

## पहलवानी किसानी फिर बैरागी संत



**कुशीनगर ।** इंसान का जीवन संघर्षों से गुजरना तो आम बात है लेकिन जब कोई इंसान भरा–पूरा परिवार जनों माता पिता पत्नी बेटा–बेटी बहू पौत्र पौत्री के मोह माया जाल को त्याग कर संत सन्यासी जीवनशैली में बदलाव कर लेता है वह साधारण बात नहीं है ऐसे में काम क्रोध मद लोभ को छोड़ कर ज्ञान गिरी संत जो कुशीनगर के कसया तहसील के गांव टेकुआटार में स्थित भगवान शिव जी व हनुमान जी के प्राचीन काल के मंदिर के पुजारी हैं इन्होने संबाददाता से बातचीत में बताया कि 35साल से मैं बैरागी संत सन्यासी जीवनशैली व्यतीत कर रहा हूं यह मेरे गूरू बिभूति गिरीजी का आशीर्वाद है उनके मार्गदर्शन प्रेरणा से मेरे जीवन में परिवर्तन आ गया उन्होंने बताया कि मेरा नाम रामजीत था अब ज्ञान गिरी है जो मेरे गूरू जी ने नामकरण किया है पहले मैं पहलवानी और किसानी करता था मेरे माता–पिता का असीम कृपा रही कि मैं अध्यात्म के जीवन भगवान शिव जी के कृपा से इस मंदिर में पूजारी हूं ज्ञान गिरी संत ने बताया कि यहां दर्शन करने आये श्रद्धालु जो भी मन्नतें मांगते हैं वह पूरी होती है मंदिर परिसर में सैकड़ों बर्ष से समाधी स्थल भी बना हुआ है मंदिर में हर साल संत सन्यासी समागम भजन भण्डारा भी होता है

# स्वतंत्र पत्रकारिता लोकतंत्र की नींव

## प्रेस की आजादी पर टिका है लोकतंत्र : डॉ. मोहन तिवारी



**तमकुहीराज/कुशीनगर।** तमकुहीराज क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय मठिया श्रीराम निवासी समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मोहन तिवारी ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की जड़ें तभी मजबूत होती हैं, जब पत्रकारिता स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक बनी रहे। उन्होंने कहा कि गांव–समाज की छोटी–छोटी समस्याओं से लेकर बड़े मुद्दों तक, पत्रकार ही वह माध्यम हैं जो सच्चाई को उजागर कर जन–जन तक पहुंचाते हैं। यदि प्रेस पर किसी प्रकार का दबाव या प्रभाव पड़ता है, तो इससे आम जनता की आवाज कमजोर पड़ जाती है। डॉ. तिवारी ने वर्तमान समय की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सूचना के इस तेज दौर में जहां खबरें तेजी से फैलती हैं, वहीं भ्रामक सूचनाओं का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में पत्रकारों की भूमिका और जिम्मेदारी दोनों बढ़ जाती हैं कि वे सत्य और तथ्यों की गहराई से जांच कर ही खबर प्रकाशित करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक सेवा है, जिसे ईमानदारी और साहस के साथ निभाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा दें। अंत में उन्होंने कहा कि "जब तक कलम आजाद है, तब तक समाज जागरूक और लोकतंत्र सुरक्षित है।" तथा सभी पत्रकारों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# राजा शिवाजी बॉक्स ऑफिस कलेक्शनः रितेश देशमुख की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई, पहले ही दिन छाप डाले इतने नोट




रितेश देशमुख की हिस्टोरिकल ड्रामा राजा शिवाजी 1 मई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई. फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान के कैमियो ने चार चांद लगाने का काम किया है. हर कोई भाईजान के कैमियो की तारीफ कर रहा है. फिल्म की दमदार कहानी, अभिनय और डायलॉग ने सभी का दिल छूआ है. इसी वजह से यह पहले दिन डबल डिजिट में कमाई करने में कामयाब रही है.

राजा शिवाजी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एक ऐतिहासिक शुरुआत की है. यह महाराष्ट्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई. रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित इस फिल्म ने पहले ही दिन डबल डिजिट में कमाई करके धूम मचा दी है.

सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, राजा शिवाजी ने पहले दिन यानी पहले शुक्रवार को 6,192 शो के लिए 11.35 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. वहीं, इसने 13.51 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया. इसमें हिंदी मार्केट से 3.35 करोड़ रुपये और मराठी वर्शन से 8 करोड़ रुपये शामिल हैं.

सैकनिल्क के मुताबिक, राजा शिवाजी ने अकेले अपने मराठी वर्शन में 8.00 करोड़ रुपये की कमाई करके, इस भाषा में रितेश देशमुख की किसी भी फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड आराम से बना लिया है.

रितेश देशमुख ने लगातार मराठी सिनेमा के स्तर को ऊपर उठाया है, लेकिन राजा शिवाजी के साथ उनकी नई फिल्म ने तो इस स्तर को बिल्कुल ही एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है. अगर आप उनके पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो मौली और लाई भारी जैसी फिल्मों को बहुत बड़ी सफलता माना गया था, जिन्होंने रिलीज के पहले ही दिन क्रमशरू 3.25 करोड़ और 3.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. यहां तक कि उनकी 2022 की हिट फिल्म वेद ने भी सिनेमाघरों में अपनी शुरुआत 2.25 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ की थी.

रिलीज से पहले ही, राजा शिवाजी ने एडवांस बुकिंग से कुल 5.14 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी. इसमें से, लगभग 4.25 करोड़ रुपये (नेट 3.60 करोड़ रुपये) की कमाई अकेले इसके मराठी वर्शन से हुई थी. इसके साथ ही, इस फिल्म ने सैराट और टाइमपास 2 के लंबे समय से चले आ रहे पहले दिन की कमाई के रिकॉर्ड को आसानी से तोड़ दिया. इन दोनों फिल्मों ने अपने रिलीज के पहले दिन अनुमानित 3.60 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की थी.

रितेश देशमुख की राजा शिवाजी ने कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. 2019 में रिलीज हुई मणिकर्णिका ने पहले दिन 8.75 करोड़ रुपये कमाए थे.

दूसरे मराठा साम्राज्य के हिस्टोरिकल फिल्मों की बात करें तो, ओम राउत और अजय देवगन की तान्हाजी (2020) ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 15.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. अब तक सबसे अच्छा प्रदर्शन लक्ष्मण उतेकर और विक्की कौशल की फिल्म छावा का रहा है, जो 2025 में रिलीज हुई थी. छावा का पहले दिन का कलेक्शन 33.50 करोड़ रुपये था.

# आज के लिए नहीं बल्कि, भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हूं : अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चांद मेरा दिल को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। अनन्या ने हाल



ही में अपने करियर और भविष्य की योजनाओं को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की। इसमें उन्होंने बताया कि वह अपने करियर को किस दिशा में लेना जाना चाहती हैं।

अनन्या कहती हैं, मुझे लगता है कि मैंने अभी तो बस शुरुआत की है, लेकिन ऐसी बहुत सी फिल्में और बेहतरीन कलाकार हैं, जिनके साथ काम करना मेरा सपना है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके पास योजनाओं की एक लंबी लिस्ट है और वह इंडस्ट्री में बहुत कुछ हासिल करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी बातें शेयर करते हुए कहा कि वह अब एक कदम और आगे बढ़ाना चाहती हैं। अभिनेत्री का उद्देश्य अब एक ऐसी फिल्में बनाना है, जो लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में बसी रहें। उन्होंने कहा, मैं कुछ ऐसा प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहती हूं, जिसे हमेशा याद रखा जाए और जो मेरे बाद भी दुनिया में बना रहे। अनन्या ने माना कि उम्र और अनुभव के साथ फिल्मों के प्रति उनका लगाव और गहरा होता जा रहा है।

उन्होंने बताया, फिल्मों को अब मैं लंबे समय तक चलने के नजरिए से देख रही हूं, क्योंकि मुझे अब समझ आ रहा है कि फिल्में कितनी प्रभावशाली होती हैं और वे हमेशा के लिए अमर हो जाती हैं। मैं आज के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हूं। अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ जल्द ही फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगी।

यह एक कॉलेज रोमांस से शुरू होकर एक इंटेंस और ट्रैजिक लव स्टोरी में बदलती है, जो युवाओं के जुनून भरे प्यार को दर्शाती है। विवेक सोनी द्वारा निर्देशित फिल्म चांद मेरा दिल का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी और लक्ष्य आरव के रूप में नजर आएंगे। चांद मेरा दिल 22 मई सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# भूत बंगला ने 15वें दिन भी मचाया धमाल, प्रभास की फिल्म के उड़ा दिए परखच्चे, बना डाला ये सॉलिड रिकॉर्ड




अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. ये फिल्म अब 150 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर बढ़ रही है. लेकिन उससे पहले, फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है. दरअसल इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने प्रभास की द राजा साहब को पीछे छोड़ते दिया है.चलिए यहां इसके 15वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े जानते हैं. भूत बंगला ने रिलीज के दो हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर एकछत्र राज किया. लेकिन अब तीसरे हफ्ते में एंट्री करने के बाद अक्षय कुमार और वामिका गब्बी स्टारर इस फिल्म को नई रिलीद श्एक दिन्य और श्राजा शिवाजीय से मुकाबला करना पड़ रहा है. बावजूद इसके भूत बंगला ने रिलीज के 15वें दिन यानी शुक्रवार को भी दमदार कमाई की. यहां तक कि इसके कलेक्शन में तेजी देखी गई. कोईमोई के आंकड़ों के मुताबिक, भूत बंगला ने रिलीज के15वें दिन 4.75 करोड़ रुपये की कमाई की. इसने दूसरे गुरुवार को हुई 4 करोड़ रुपये की कमाई से बेहतर परफॉर्म किया. इसी के साथ भारत में इसकी कुल कमाई अब 148.66 करोड़ रुपये हो गई है. जीएसटी सहित ग्रॉस टोटल 175.42 करोड़ रुपये हो गया है. भूत बंगला अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉरर–कॉमेडी फिल्मों की लिस्ट में छठे नंबर पर पहुंच गई है. इसने प्रभास की फिल्म द राजा साहब को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है. बता दें की द राजा साब का लाइफटाइम कलेक्शन 146.04 करोड़ रुपये था. अब भूत बंगला का अगला टारगेट आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म थामा (157.05 करोड़ रुपये) है.

# लव इंश्योरेंस कंपनी की ओटीटी रिलीज डेट हुई कंफर्म, 6 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी प्रदीप रंगनाथन की फिल्म

प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी की फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस साइंस फिक्शन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन




बॉक्स ऑफिस पर ये अपना जादू नहीं चला पाई. अब फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की ओटीटी की रिलीज डेट कंफर्म हो गई है. चलिए जानते हैं ये फिल्म कब और कहां स्ट्रीम होगी.

लव इंश्योरेंस कंपनी की ओटीटी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अब फाइनली इसकी डिजीटल डेब्यू की कंफर्म रिलीज डेट आ गई है. बता दें कि लव इंश्योरेंस कंपनी 6 मई, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी. इस फिल्म को आप तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में देख सकते हैं. मेकर्स ने अनाउंसमेंट करते हुए लिखा, जब बात ओल्ड स्कूल और मॉडर्न रूल्स की हो, तो जाहिर है कि इसकी कीमत भी काफी ज्यादा होती है.

लव इंश्योरेंस कंपनी में योगी बाबू, एस.जे. सूर्या, सीमान, गौरी किशन, शाह रा और मालविका शामिल जैसे एक्टर्स भी हैं. फिल्म के डायरेक्टर विग्नेश शिवन हैं. बता दें कि लव इंश्योरेंस कंपनी की कहानी साल 2040 के भविष्य पर आधारित है, जहां एक ऐप के जरिए प्यार और रिश्तों का इंश्योरेंस किया जाता है. बीते दिन रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर को काफी पसंद किया गया.

रिपोर्ट के अनुसार, लव इंश्योरेंस कंपनी ने बॉक्स ऑफिस पर 42.57 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इसके बजट 95 करोड़ रुपये है.

# फ्रोजन योगर्ट बनाम आइसक्रीमः गर्मियों में किसका सेवन करना सेहत के लिए है बेहतर?



गर्मियों में ठंडक देने वाले व्यंजनों की बात हो तो आइसक्रीम और फ्रोजन योगर्ट का नाम जरूर आता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इनमें से कौन–सा विकल्प ज्यादा सेहतमंद है? अगर नहीं तो आज हम आपको इन दोनों के बीच के अंतर और कौन–से विकल्प को चुनना बेहतर है, इसके बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि फ्रोजन योगर्ट और आइसक्रीम में से क्या खाने से ज्यादा सेहतमंद रहा जा सकता है।

फ्रोजन योगर्ट क्या है?

फ्रोजन योगर्ट को दही से बनाया जाता है। दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो पाचन को ठीक रखने और पेट को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। फ्रोजन योगर्ट में दूध या क्रीम के बजाय दूध से बने पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यह आइसक्रीम की तुलना में कम कैलोरी और चर्बी वाला होता है। फ्रोजन योगर्ट में आमतौर पर कम चीनी होती है, जिससे यह मिठाई का एक सेहतमंद विकल्प बन सकता है।

आइसक्रीम के बारे में जानिए

आइसक्रीम दूध, क्रीम, चीनी और फ्लेवर से बनाई जाती है। इसमें अधिक चर्बी होती है और यह चीनी का एक प्रमुख स्रोत भी है। आइसक्रीम में आइसक्रीम बनाने वाले पाउडर का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। आइसक्रीम को बनाने के लिए कच्चे दूध को उबालकर उसमें चीनी और अन्य सामग्री मिलाई जाती हैं, फिर इसे फेंटकर फ्रिज में जमाया जाता है। यह डेजर्ट कई अलग–अलग फ्लेवर में उपलब्ध रहता है।

फ्रोजन योगर्ट और आइसक्रीम में क्या अंतर है?

फ्रोजन योगर्ट मुख्य रूप से दही से बनने के कारण फायदेमंद तत्वों से भरपूर होता है। वहीं, आइसक्रीम में अधिक चर्बी और चीनी होती है, जो इसे फ्रोजन योगर्ट की तुलना में कम सेहतमंद बनाते हैं। फ्रोजन योगर्ट में आइसक्रीम बनाने वाले पाउडर का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, जबकि आइसक्रीम बनाने के लिए कच्चे दूध को उबालकर उसमें चीनी और अन्य सामग्री मिलाई जाती हैं। फ्रोजन योगर्ट की तुलना में आइसक्रीम में कैलोरी और चर्बी अधिक होती है।

फ्रोजन योगर्ट बनाने का तरीका

फ्रोजन योगर्ट बनाने के लिए सबसे पहले दही को ब्लेंडर में डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसमें धीरे–धीरे करके दूध का पाउडर और चीनी या शहद शामिल कर दें। अब इस मिश्रण को एक कंटेनर में डालकर फ्रिज में जमने के लिए रख दें। जब यह जम जाए तो ऊपर से कटे हुए ताजे फल, मेवे और मसाले जैसे दालचीनी पाउडर आदि डालकर इसका आनंद लें। आप इसे अलग–अलग फलों वाले फ्लेवर में भी बना सकते हैं।

आइसक्रीम बनाने की रेसिपी

आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले दूध, क्रीम, चीनी और वनीला एसेंस को एक साथ अच्छे से मिलाएं। मिलाने के लिए आप हैंड ब्लेंडर की मदद ले सकते हैं, जिससे आप इसे अच्छी तरह से फेंट सकेंगे। इसके बाद इस मिश्रण को एक कंटेनर में डालकर फ्रिज में जमने के लिए रख दें। जब यह जम जाए तो इसका आनंद लें। इसमें भी आप अपनी पसंद की सामग्रियां और फ्लेवर जोड़ सकते हैं।